उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी - 263139
फोन नं. 05946-286000
टॉल फ्री० नं० : 18001804025
Fax No.- 05946-264232, E-mail- info@uou.ac.in
http://uou.ac.in

Annual Report 2018-2019

UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2018-2019

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY

(Established by Govt. of Uttarakhand vide Act. No. 23 of 2005)

उत्तराखण्ड सरकार का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय मार्ग, ट्रान्सपोर्ट नगर के पीछे, (तीनपानी बाईपास), हल्द्वानी-263139, नैनीताल, उत्तराखण्ड
University Road, Behind Transport Nagar (Teenpani Bypass,) Haldwani-263139, Nainital, Uttarakhand

वार्षिक प्रतिवेदन

Annual Report
2018-2019

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY

(Established by the Govt. of Uttarakhand vide Act No. 23 of 2005)

उत्तराखण्ड सरकार का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय मार्ग, ट्रान्सपोर्ट नगर के पीछे (तीनपानी बाईपास), हल्द्वानी- 263139, नैनीताल, उत्तराखण्ड

University Road, Behind Transport Nagar (Teenpani Bypass), Haldwani-263139, Nainital, Uttarakhand

सम्पादन

प्रोफेसर एच.पी. शुक्ल - संयोजक

डॉ. मदन मोहन जोशी

डॉ. नन्दन कुमार तिवारी

मोहम्मद अकरम

© उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

प्रकाशक : उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

मुद्रण : सहारनपुर इलैक्ट्रिक प्रैस, बोमनजी रोड, सहारनपुर (उ०प्र०)

प्रतियाँ : 150

ज्ञान–विज्ञान विमुक्तये

University Grants Commission
Bahadur Shah Zafar Marg
New Delhi-110002

2308-2766
F.No.UGC/DEB/2013
Dated 14.10.2013

The Registrar/ Director
Of all the Indian Universities
(Deemed, State, Central Universities/
Institutions of National importance)

Subject: Equivalence of Degrees awarded by Open and Distance Learning (ODL) Institutions at par with Conventional Universities / Institutions

Sir/ Madam,

1. There are a number of Open and Distance Learning Institutions (ODLIs) in the country offereing Degree/ Diploma/ Certificate programmes through the mode of non formal education. These comprise Open Unviersities, Distance Education Universities, Deemed to be Unviersities, Institutions of National Importance or any Council/ Societies registered under the Society Registration Act 1860.
2. A circular was earlier issued vide UGC letter Fl No.-52/2000 (CPP-11) dated May 05, 2004 (copy enclosed) mentioning that Degrees/Diplomas / Certificates / awarded by the Open Universities in conformity with the UGC notification of degree be treated as equivalent to corresponding awards of the traditional Unviersities in the country.
3. Attention is also invited to UGC circular No Fl-25/93(CPP-II) dated 28th July 1993 (copy enclosed) for recognition of degrees and diplomas as well as transfer of credit for course successfully completed by students between the two types of Universities / institutions is ensured without any difficulty.
4. The Government of India, in exercise of ots power conferred under section 20 (1) of UGC Act 1956, issued directions dated 29th December 2012 entrusting UGC with the responsibility of regulating higher education programme in open and distance learning (ODL) mode. Consequently, Universities/ Institutions desirous of offering any programme through distance mode would require recognition of UGC.
5. As you are aware, the Government of India has envisaged a greater role for the Open and Distance Education System. The envisaged role may be fulfilled by recognizing and treating the Degrees / Diplomas / Certificates awarded through distance mode at par with the degrees obtained through the formal system of education. Open and Distance Education System in the country is contributing a lot in expansion of Higher Education and for achieving target of GER, without compromising on quality. Non recognition / non equivalence of degrees of ODl Instituions for the purpose of promotion/ employment and pursuing higher education may prove a deterrent to many learners and will untimately defeat the purpose of Open and Distance Education.
6. Accordingly, the Degrees / Diplomas/ Certificates awarded for programmes conducted by the ODL institutions, recognized by DEC (erstwhile) and UGC, in conformity with UGC Notification on specification of Degrees should be treated as equivalent to the corresponding awards of the Degree/Diploma/Certificate of the traditional Universities/ Instituions in the country.

Director (Admn)
Tel: 011 23230405
Email: vikramsahay7@gmail.com
Encl: As above

Copy to:

1. Secretary, Government of India, Ministry of Human Resource Development, Department of Higher Education, Shastri Bhawan, New Delhi-110 001
2. Secretary, All Indian Council for Technical Education, 7th Floor, Chandra Lok Building, Janpath, New Delhi.
3. Secretary, Association of Indian Unviersities, AIU House, 16 Comrade INdrajit Gupta Marg (Kolta Marg), New Delhi-110002.

अनुक्रमणिका (Index)

	पृष्ठ संख्या
कुलपति की कलम से	1
आमुख (Preface)	2
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय: एक परिचय	3-6
विश्वविद्यालय की स्थापना काल से कुलपतियों एवं कुलसचिवों की सूची	7
1. पाठ्यचर्या आयाम (Curricular Aspects)	8-13
2. शिक्षण: अधिगम एवं मूल्यांकन (Teaching: Learning and Evaluation)	14-52
3. शोध, परामर्श एवं प्रसार (Research, Consultancy and Extension)	53-78
4. अधिसंरचना एवं अधिगम संसाधन (Infrastructure and Learning Resources)	79-85
5. शिक्षार्थी सहायता सेवाएँ एवं प्रगति (Student Support and Progression)	86-93
6. प्रशासन, नेतृत्व एवं प्रबन्धन (Governance, Leadership and Management)	94-96
7. नवाचार एवं उत्तम क्रियायें (Innovations and Best Practices)	97-142
APPENDICES	143
Appendix I चतुर्थ दीक्षान्त समारोह (Fourth Convocation)	144
Appendix II दीक्षान्त समारोह में शोधोपाधि लेने वाले छात्रों की सूची	145
Appendix III कार्य परिषद् (Executive Council)	146
Appendix IV विद्या परिषद् (Academic Council)	147
Appendix V योजना परिषद् (Planning Board)	148
Appendix VI वित्त समिति (Finance Committee)	149
Appendix VII विश्वविद्यालय प्राधिकरण के सदस्य(Members of the University Authority)	150-151
Appendix VIII विश्वविद्यालयीय मानव संसाधन (Human Resources of the University)	152-155
Appendix IX उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम (Programmes of the University)	156-159
Appendix X विश्वविद्यालय में पधारे गणमान्य व्यक्ति (Dignitaries Visiting the University)	160
Appendix XI योग विभाग की कार्यशाला (Yoga Workshops)	161-162
Appendix XII वार्षिक लेखा (Financial Statements - 2018-19)	163-166
Appendix XIII क्षेत्रीय केन्द्रों की सूची (List of Regional Centres)	167
Appendix XIV अध्ययन केन्द्रों की सूची (List of Study Centres)	168-173

कुलगीत

जहाँ ज्ञान श्रद्धा से जुड़ता, जहाँ ज्ञान चेतना बसे;
जहाँ ज्ञान का योग निरन्तर, जहाँ ज्ञान से मुक्ति मिले,
जहाँ ज्ञान से बिछुड़ों की भी आशाओं के दीप जले;
जहाँ सभी को ज्ञान-यज्ञ में आहुति का अधिकार मिले।

पीठ ज्ञान की मुक्त लिये रोली-कुंकुम।
श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं। श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्।।

पर्वत की श्रृंखला यहाँ दृढ़ता के पाठ पढ़ाती;
निर्मल जल-धारायें निशि-दिन कल-कल गीत सुनातीं,
भाँति-भाँति की औषधियाँ, फल-फूल, प्रकृति मुसुकाती;
देवभूमि की सुन्दरता से अमरावती लजाती।

पीठ ज्ञान की मुक्त लिये रोली-कुंकुम।
श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं। श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्।।

परम्परायें यहाँ ज्ञान की, तपोभूमि भारत की;
ज्ञानभूमि है यही विवेकानन्द, आदि-शंकर की,
धरा यही ऋषियों-मुनियों की, योग-ध्यान साधन की;
बहीं शारदा, सरयू, यमुना, कोख यही सुरसरि की।

पीठ ज्ञान की मुक्त लिये रोली-कुंकुम।
श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं। श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्।।

विद्या देती विनय-पात्रता, शुभ प्रसाद धन-सुख का;
ज्ञान मोक्ष का द्वार, यही उद्घोष देव-संस्कृति का,
नई विधायें, नई दिशायें, पथ नवीन आशा का;
मुक्त विश्वविद्यालय अपना, है अभियान प्रगति का।।

पीठ ज्ञान की मुक्त लिये रोली-कुंकुम।
श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं। श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्।।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य

विश्वविद्यालय, दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से जिसमें किसी संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग भी है, अधिसंख्यक जनसमुदाय में शिक्षा और ज्ञान के प्रसार में अभिवृद्धि करेगा और अपने क्रियाकलापों को संचालित करने में अधोलिखित विनिर्दिष्ट उद्देश्यों का सम्यक् ध्यान रखेगा-

1-विश्वविद्यालय राज्य के विकास में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए जो राज्य की समृद्ध परम्पराओं पर आधारित हो राज्य की जनता की संस्कृति और उसके मानवीय संसाधनों की उन्नति और अभिवृद्धि के लिए शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण और विस्तारण के माध्यम से, प्रयास करेगा। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए वह-

क. नियोजन की आवश्यकताओं से सम्बन्धित तथा देश की अर्थव्यवस्था के, उसके प्राकृतिक और मानवीय साधनों के आधार पर, निर्माण के लिए आवश्यक उपाधि, डिप्लोमा और प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित करेगा और उन्हें विविध प्रकार का बनायेगा;

ख. जनता के बड़े भागों और विशिष्टतया सुविधारहित समूह को, जैसे कि वे समूह जो दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे हैं, जिनके अंतर्गत श्रमजीवी जनता, घरेलू महिलायें और ऐसे वयस्क हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन के माध्यम से ज्ञान बढ़ाने व अर्जित करने की इच्छा रखते हैं, उच्चतर शिक्षा तक उनकी पहुँच के लिए उपबन्ध करेगा;

ग. शीघ्रता से विकसित और परिवर्तित होने वाले समाज में ज्ञान के अर्जन का संवर्धन करेगा और मानव प्रयास के सभी क्षेत्रों में नव-परिवर्तन, अनुसन्धान, शोध के सन्दर्भ में ज्ञान, प्रशिक्षण और कुशलता बढ़ाने के लिए लगातार अवसर प्रस्तुत करने के लिए प्रयास करेगा;

घ. ज्ञान के नये क्षेत्रों में विद्या की अभिवृद्धि करने और उसे विशिष्टतया प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विद्या के तरीकों और गति, पाठ्यक्रमों के मिश्रण, नामांकन की पात्रता, प्रवेश की आयु, परीक्षाओं के संचालन और कार्यक्रमों के प्रवर्तन के सम्बन्ध में सुनिश्चय और निर्बाध विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा की नई प्रणाली के लिए उपबन्ध करेगा;

ङ. औपचारिक पद्धति की अनुपूरक अनौपचारिक पद्धति का उपबन्ध करके और विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित पाठों और अन्य सॉफ्टवेयर का व्यापक रूप से उपयोग करके गुणवत्ता के अन्तरण को और शिक्षण कर्मचारी वृन्द के विनिमय को प्रोत्साहित करके शैक्षणिक पद्धति के सुधार में सहयोग देगा;

च. देश की विभिन्न कलाओं, शिल्पों और कुशलताओं में, उनकी गुणवत्ता में सुधार करके जनता के लिए उनकी उपलब्धता में वृद्धि करके शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए उपबन्ध करेगा;

छ. ऐसे कार्यकलापों या संस्थाओं के लिए अपेक्षित शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए उपबन्ध या प्रबन्ध करेगा;

ज. अध्ययन के यथोचित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए उपबन्ध करेगा और अनुसन्धान को बढ़ावा देगा;

झ. अपने छात्रों के लिए परामर्श एवं मार्गदर्शन के लिए उपबन्ध करेगा; और

ञ. अपनी नीति एवं कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता व मानव व्यक्तित्व के समन्वित विकास में वृद्धि करेगा।

2- विश्वविद्यालय दूर और अनुवर्ती शिक्षा के विविध माध्यमों से उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रयास करेगा और उच्चतर शिक्षा के विद्यमान विश्वविद्यालयों और संस्थाओं के सहयोग से कृत्य करेगा और नवीनतम ज्ञान का और नई शिक्षण प्रौद्योगिकी का ऐसी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने के लिए जो समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप हो, पूर्ण उपयोग करेगा।

(उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005)

महामहिम श्रीमती बेबी रानी मौर्य

राज्यपाल एवं कुलाधिपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

प्रो० ओम प्रकाश सिंह नेगी
कुलपति
Prof. Om Prakash Singh Negi
Vice Chancellor

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
Uttarakhand Open University

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

कुलपति के कलम से ...

ज्ञान-विज्ञान की त्रिवेणी भारतवर्ष में अत्यन्त प्राचीनकाल से ही निरन्तर प्रवाहित होते चली आ रही है। अपने उसी विपुल ज्ञान-सम्पदा के आधार पर ही यह देश सदियों पहले विश्व गुरू के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। ज्ञानोत्पत्ति के अनेक स्रोत रहे हैं। और उन स्रोत में एक मुख्य स्रोत विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित है। कदाचित् विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य ध्येय भी यही रहा होगा कि-विश्वविद्यालय के प्रांगण में सार्वभौमिकता के साथ देश-विदेश की प्रतिभा को पहचान कर उसकी प्रज्ञाचक्षु के आचार्यो द्वारा जागृत किया जाय, जिससे कि वह प्रतिभा राष्ट्र निर्माण में सर्वविधकल्याणार्थ अपनी एक आहूति दे सकें दीर्घकालावधि तक भारतवर्ष में ज्ञान के आदान-प्रदान की यही परम्परा रही है। सम्प्रति इसका उत्तरोत्तर ह्रास परिलक्षित होता है। अस्तु: यह सर्वविदित है कि राष्ट्रनिर्माण में विलक्षण प्रतिभा सर्वदा से अपना योगदान देते रही है और उन प्रतिभाओं को तैयार करने का एक आधार है- विश्वविद्यालय। मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय भी उसी मार्ग पर चलते समाज के ऐसे वर्ग प्रतिभासम्पन्न होते हुए भी मुख्य धारा से वंचित रह गये हैं, उनके मार्गदर्शक का कार्य बखूबी निभा रही है।

विश्वविद्यालय के लिए हमारा एक मात्र उद्देश्य अपने विद्यार्थियों के उज्जवलतम भविष्य एवं सक्रिय कार्यकुशलता में बढ़ोत्तरी करना होना चाहिए। हमें इस बात का निरन्तर स्मरण रखना चाहिए कि हम परस्पर सहयोग एवं सामंजस्यता से अपनी सम्पूर्ण निष्ठा एवं संसाधनों के कुशलतम उपयोग से अन्तत: अपने विद्यार्थियों के हितों का उन्नयन करने में सक्षम हो सकें। इसके साथ-साथ हमारा यह भी प्रयास है कि विश्वविद्यालय को शीघ्र ही 12वीं (बी) तथा NAAC द्वारा ग्रेड भी मिल जाए। फलस्वरूप विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक शिक्षा को पहुँचाना है।

विश्वविद्यालय द्वारा उसके उद्देश्यों की पूर्ति एवं दिशा के साथ-साथ राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद NAAC के महत्वपूर्ण सात मानकों- पक्ष, शिक्षण: अधिगम एवं मूल्यांकन शोध, परामर्श एंव प्रसार अधिसंरचना एंव अधिगम संसाधन, छात्र एवं प्रगति शासन, नेतृत्व एवं प्रबन्धन, नवाचार एवं उत्तम क्रियायें-को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2018-19 का यह चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदान प्रस्तुत किया जा रहा है।

सम्प्रति मुझे हर्ष है कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मैं इसके लिए सभी अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देता हूँ, जिनके निरत्नतर सहयोग से विश्वविद्यालय का चहमुखी विकास सम्भव हो सका है। इस वार्षिक प्रतिवेदन को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मापदण्ड के अनुरूप तैयार करने का प्रयास किया गया है। इसके लिए वार्षिक प्रतिवेदन के सम्पादक मण्डल के सभी सदस्यों को मैं विशेष रूप से बधाई देता हूँ।

(प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी)

भरत सिंह
कुलसचिव

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
Uttarakhand Open University

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

आमुख (Preface)

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय का वार्षिक कार्यवृत का प्रकाशन विगत चार वर्षों से विश्वविद्यालय द्वारा 'वार्षिक प्रतिवेदन' के रूप में होता रहा है। विश्वविद्यालय के इस महत्वपूर्ण प्रकाशन 'वार्षिक प्रतिवेदन' को निर्मित करने का मुख्य आधार राष्ट्रीय मूल्याकन एंव प्रत्यायन परिषद् (NAAC) के मुख्य सात मानकों के आधार पर किया जा रहा है।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अपनी प्रगति यात्रा के 15 वें वर्ष में गतिमान है। वर्ष 2018–19 विश्वविद्यालय के लिये उत्तरोकतर प्रगति के साथ साथ उतार चढ़ाव भरा भी रहा है। इस वर्ष यू जी सी के कठोर नियमों के कारण हमें कई अध्यन केन्द्र बन्द करने पडे साथ ही वर्ष के पूर्वार्द्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विषयों के संचालन की मान्यता को लेकर भी हमें संघर्ष करना पड़ा। अन्ततोगतवा वर्ष के उत्तरार्द्ध में हम सफल हुए और हमें पूर्व से संचालित विषयों के साथ–साथ कई नवीन पाठ्यक्रम भी संचालन करने हेतू अनुमति प्राप्त हुई, किन्तु इस कार्यविधि में इस सत्र की लगभग आधे से ज्यादा कालावधि व्यतीत हो गयी। इस वर्ष विश्वविद्यालय में 56,000 से अधिक छात्रों का प्रवेश हुआ।

आप सभी को पुन: यह अवगत कराते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि विश्वविद्यालय के स्थापना काल से अब तक का समय उपलब्धियों से भरा रहा है। हम अकादमिक एवं तकनीकी क्षेत्रों में प्रदेश मे अग्रणी भूमिका में रहे हैं। हमारी शैक्षिक पहुँच प्रदेश के कोने कोने तक है, जहाँ हम अपनी भौगोलिक पहुंच में प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय हैं, वहीं तकनीकि कुशलता और गुणवत्ता परक मानवीय संसाधनों में भी सबसे अग्रणीय है। विभिन्न कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित अथवा नियमित कक्षाओं में प्रवेश लेने में असमर्थ प्रदेश के दुगर्म स्थानों में निवास करने वाले व सभी क्षेत्रों के लोगों की उच्च शिक्षा की प्राप्ति में सरलता प्रदान करना, इस विश्वविद्यालय का नैतिक कर्तव्य एवं लक्ष्य बन गया है। भौगोलिक कारणों तथा सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों एवं स्थानीय आवश्यकताओं की मांग के अनुरूप छात्रों के कौशल विकास पर बल देते हुए रोजगार हेतू सक्षम बनाने का गम्भीर प्रयास सतत् रूप से गतिमान है।

यह वार्षिक प्रतिवेदन उतराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय कि 2018–19 वर्ष का कार्यवृत, अकादमिक प्रगति और आत्मावलोकन के त्रि–आयामी स्वरूप का प्रकाशित प्रतिरूप है।

(भरत सिंह)
कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

विश्वविद्यालय : एक परिचय

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना, उत्तराखण्ड शासन के एक्ट 23, 2005 द्वारा विधानसभा में पारित प्रस्ताव के माध्यम से हुई। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य राज्य में दूरस्थ प्रणाली के माध्यम से उच्च शिक्षा को प्रदान करना, शिक्षा को रोजगारपरक एवं तकनीकी रूप में सर्वजन सुलभ ढंग से उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों तक के निवासियों तक पहुँचाना तथा शिक्षा को सर्वजन सुलभ बनाना है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना को 15 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। इन 15 वर्षों में इस विश्वविद्यालय ने प्रगति की नित्य-नवीन ऊँचाइयों को छुआ है। सीमित अवधि और अल्प संसाधनों के बावजूद भी विश्वविद्यालय की अकादमिक और प्रशासनिक गतिविधियाँ राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखित होती रही हैं। आज यह विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जिसकी पहुँच उसके सभी जिलों व सुदूर क्षेत्रों तक है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के मुख्यालय हल्द्वानी के अतिरिक्त देहरादून में भी एक क्षेत्रीय परिसर है। विश्वविद्यालय के 8 क्षेत्रीय केन्द्र तथा 88 अध्ययन केन्द्र हैं। मुक्त विश्वविद्यालय की संरचना में क्षेत्रीय केन्द्र तथा अध्ययन केन्द्र उसकी धमनियों के समान हैं, जिसके माध्यम से पूर्ण विश्वविद्यालय की गति प्रवाहित होती रहती है। मुक्त विश्वविद्यालय केन्द्र और विकेन्द्रीकरण का अद्भुत समन्वय होता है। एक ओर इसकी अपनी संदृष्टि और कार्य–उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न केन्द्र होते हैं, अर्थात् एक केन्द्र और फिर उसके बहुकेन्द्र। इस प्रक्रिया में केन्द्रीयता भी होती है और जनबद्ध-बोझिल एकरूपता का अभाव भी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्रों पर संचालित होने वाले कार्यक्रम इसकी लोकधर्मिता, संजीवता व व्यापक प्रकार की ही प्रतिध्वनि हैं। इस विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में 80 पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान आदि विषयों से लेकर प्रबन्धन, पर्यटन जैसे रोजगारपरक विषय भी हैं। प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन में अप्रैल 2018 से लेकर जुलाई 2019 तक की विश्वविद्यालयीय क्रियाकलापों का उल्लेख है। सत्र 2018-2019 विश्वविद्यालय के लिए उतार-चढ़ाव के साथ विशेष उपलब्धियों से युक्त रहा हैं।

- विश्वविद्यालय में सत्र 2018-19 में चतुर्थ दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि माननीय कुलाधिपति राज्यपाल, उत्तराखण्ड श्रीमती बेबी रानी मौर्या थी। इस समारोह के अध्यक्षता करते हुए दीक्षान्त उद्बोधन माननीय महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती बेबी रानी मौर्या द्वारा दिया गया। चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में माननीय उच्च शिक्षा मन्त्री डॉ0 धन सिंह रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इन समारोहों में राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रमुख पत्रकार, शिक्षाविद्, गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित थे।
- सत्र 2018-19 के पूर्वार्द्ध में विश्वविद्यालय के द्वारा प्रस्तावित कई पाठ्यक्रमों पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा रोक लगा दी गयी थी, जिससे विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधि पर प्रभाव पड़ रहा था। किन्तु सत्र के उत्तरार्द्ध कालखण्ड में प्रस्तावित लगभग समस्त पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति पुन: मिल जाने से विश्वविद्यालय के लिए स्थिति अनुकूल हो गयी। इस प्रक्रिया में सत्र 2018-19 का अधिकांश समय हो गया। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालयीय अकादमिक विस्तार के लिए यह अच्छा भी रहा कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित कई नये पाठ्यक्रमों को भी संचालित करने की मान्यता मिल गयी। यथा - एम.ए. (गृह विज्ञान), एम.ए. (ज्योतिष), एम.ए. (साइबर सिक्योरिटी), एम.ए. मनोविज्ञान, एम.ए. (संगीत) आदि।
- अकादमिक दृष्टि से विश्वविद्यालय की प्रगति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए 35 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को विषय की अद्यतन जानकारी दी गई तथा साथ ही सम्बन्धित विषय के व्यवहार पक्ष को समझाया गया।

- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सदस्यों द्वारा बड़े स्तर पर संगोष्ठियों में प्रतिभाग किया गया। इस अवधि में विश्वविद्यालय सदस्यों ने 100 से ज्यादा संगोष्ठियों में व्याख्यान / शोधपत्र पढ़े।
- विश्वविद्यालय के अकादमिक सदस्यों की शैक्षणिक प्रगति भी सन्तोषप्रद रही । इस अवधि में उनके द्वारा अनेक शोधपत्रों / लेखों का प्रकाशन देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुआ।
- विश्वविद्यालय के अकादमिक सदस्यों ने बड़े स्तर पर विश्वविद्यालय की स्वअध्ययन पाठ्यसामग्री हेतु इकाई लेखन करने के साथ-साथ उनका सम्पादन भी किया।
- माननीय कुलपति प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह नेगी जी ने अपने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् विश्वविद्यालय की 24वीं कार्य परिषद की बैठक दिनांक 25 फरवरी, 2019 को सम्पन्न करायी जिसमें बिन्दुवार निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिये गयें -

<u>विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की 24वीं बैठक दिनांक 25 फरवरी, 2019 में पारित मुख्य बिन्दु</u>

1. विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपतिजी के कार्यभार ग्रहण के संबंध में सूचना।
2. विश्वविद्यालय योजना बोर्ड के गठन हेतु कार्य परिषद द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जाने के संबंध में निर्णय।
3. विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय-छ: 'विश्वविद्यालय के अध्यापक' में परिनियम 32(6) में संशोधन विषयक प्रस्ताव।
4. विश्वविद्यालय में अकादमिक परामर्शदाताओं के नियोजन के संबंध में नीति निर्धारण हेतु गठित समिति की संस्तुतियों पर विचार।
5. डॉ. कल्पना पाटनी लखेड़ा, सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्र की परिवीक्षावधि पूर्ण होने के पश्चात स्थायीकरण के संबंध में विचार।
6. विश्वविद्यालय में नियोजित अकादमिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी परामर्शदाताओं के कार्यकाल विस्तारण की सूचना तथा 23 विभिन्न कार्यक्रमों हेतु अकादमिक परामर्शदाताओं के वॉक-इन-इन्टरव्यू के (साक्षात्कार) का प्रस्ताव।
7. विश्वविद्यालय हेतु शासन द्वारा विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से सृजित आउटसोर्स के पदों को नियमित पदों में परिवर्तित करने के संबंध में विचार एवं निर्णय।
8. शिक्षणेत्तर वर्ग के पदों पर संविदा के आधार पर की गयी नियुक्तियों से परिषद को अवगत कराने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।
9. राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के दिशा-निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के लिए विश्वविद्यालय में शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों के शोध हेतु मूलभूत आवश्यकताओं के संबंध में विचार।
10. विनियमितीकरण नियमावली 2013 का लाभ अनुमन्य किये जाने के संबंध में निर्णय।
11. प्रवेश समिति के गठन के सम्बन्ध में निर्णय।
12. उत्तराखण्ड मुकत विश्वविद्यालय में परम्परागत पद्धति से पाठ्यक्रम संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।

कुलपति, प्रोफेसर ओमप्रकाश सिहं नेगी जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय में विद्यापरिषद की 15वीं बैठक दिनांक 29 जुलाई 2019 को सम्पन्न हुई। जिसमें महत्वपूर्ण रूप से निम्नलिखत बिन्दुओं पर प्रस्ताव पारित हुए।

विश्वविद्यालय विद्या परिषद की 15वीं बैठक दिनांक 29 जुलाई, 2019 में पारित मुख्य बिन्दु

1. विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) की संस्तुतियों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।
2. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में परम्परागत पद्धति से पाठ्यक्रम संचालित किये जाने के संबंध में सूचना।
3. विश्वविद्यालय योजना बोर्ड द्वारा संस्तुत नवीन डिप्लोमा एवं प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों को आरम्भ किये जाने की संस्तुति।
4. Northwest Accreditation Commission, USA द्वारा प्रदान किये जाने वाले हाईस्कूल डिप्लोमा को विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता प्रदान किये जाने के संबंध में विचार किया गया।
5. विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रश्न-पत्रों का प्रारूप निर्धारण के क्रम में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को बन्द करने का निर्णय।
6. दूरस्थ माध्यम से बी0ए0 एकल विषय पाठ्यक्रम चलाये जाने के संबंध में यू0जी0सी0 से प्राप्त दिशा-निर्देशों के संबंध में सूचना।
7. CA परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके अभ्यर्थियों को वाणिज्य एवं संबंधित विषयों में परास्नातक के समतुल्य मान्यता प्रदान किये जाने तथा उन्हें शोध कार्य हेतु अर्ह घोषित किये जाने के संबंध में विचार किया गया।
8. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित क्षेत्रीय केन्द्रों के राज्य की भौगोलिक स्थिति के आधार पर पुर्नगठित किये जाने पर विचार एवं निर्णय।
9. शोध उपाधि अधिनियम-2016 के क्रम में 'शोध निर्देशकों' को मान्यता देने के संबंध में गठित समिति की अनुशंसाओं पर विचार।
10. प्रथम अध्यादेश के अध्याय 10 को प्रतिस्थापित करते हुए (विश्वविद्यालय के अधिनियम के अध्याय 2.5 (XIV), अनुच्छेद 6 तथा 9 में आंशिक संशोधन किये जाने पर विचार।
11. शोध उपाधि कार्यक्रम की गुणवत्ता तथा नैक मूल्यांकन हेतु आवश्यक मानदण्ड सुनिश्चित किये जाने के लिए कार्यक्रम में मानकों की पूर्ति के संबंध में।
12. बाह्य शोधार्थीयों द्वारा शोध परियोजनाओं को उत्तराखण्ड मुक्त विश्विद्यालय के माध्यम से संचालित किये जाने एवं इस हेतु प्रक्रिया निर्धारित किये जाने पर विचार।
13. व्यावसायिक अध्ययन विद्याशाखा द्वारा कौशल विकास हेतु चार नये डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम संचालित किये जाने के संबंध में प्रस्ताव स्वीकृत।
14. शासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित ऐसे अध्ययन केन्द्र जिनमें योग पाठ्यक्रम संचालित नहीं है, के लिए दिशा-निर्देश/नियमावली बनाये जाने के संबंध में विचार।

15. विधि विद्याशाखा के अन्तर्गत बैंकिग एण्ड इन्सोरेन्स लॉ एवं हयूमन राइट्स प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम संचालित किये जाने के संबंध में विचार।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना काल से कुलपतियों की सूची

क्रम सं.	नाम	कार्यकाल कब से	कार्यकाल कब तक
1.	प्रोफेसर एस.एस. हसन	22-11-2005	15-07-2008
2.	श्री इन्दु कुमार पाण्डेय (अतिरिक्त प्रभार)	16-07-2008	24-11-2009
3.	प्रोफेसर विनय कुमार पाठक	25-11-2009	24-11-2012
4.	प्रोफेसर एच.पी.शुक्ल (कार्यकारी)	25-11-2012	13-02-2013
5.	प्रोफेसर सुभाष धूलिया	14-02-2013	13-04-2016
6.	प्रोफेसर एच.पी.शुक्ल (कार्यकारी)	14-04-2016	02-05-2016
7.	प्रोफेसर नागेश्वर राव	03-05-2016	17-07-2018
8.	प्रोफेसर डी.के. नौडियाल	18-07-2018	08-02-2019
9.	प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह नेगी	09-02-2019	अब तक

कुलसचिवों की सूची

क्रम सं.	नाम	कार्यकाल कब से	कार्यकाल कब तक
1.	डॉ. एस.ए.चारी	20-01-2006	22-06-2006
2.	श्री महादेव प्रसाद अतिरिक्त प्रभार	03-11-2006	05-03-2007
3.	डॉ. अनिल कुमार जोशी	06-03-2007	19-12-2007
4.	डॉ. बी.आर.पन्त विशेष कार्यधिकारी	20-12-2007	21-06-2010
5.	प्रोफेसर आर.सी.मिश्र	22-06-2010	27-12-2011
6.	श्री सुधीर बुड़ाकोटी	28-12-2011	24-07-2012
7.	प्रोफेसर आर.सी.मिश्र	25-07-2012	25-12-2012
8.	प्रोफेसर जी.पी. पाण्डे	26-12-2012	16-09-2013
9.	श्री लक्ष्मण सिंह रावत	17-09-2013	16-09-2015
10.	प्रोफेसर गोविन्द सिंह	16-09-2015	04-12-2015
11.	प्रोफेसर आर.सी. मिश्र	04-12-2015	18-09-2018
12.	श्री भरत सिंह	18-09-2018	अब तक

1. पाठ्यचर्या आयाम
(Curricular Aspects)

किसी भी विश्वविद्यालय के लिए उसके शैक्षणिक कार्यक्रम उसके दृष्टिगत दायित्व के परिचालक होते हैं। विश्वविद्यालय जब किसी विषय में कोई पाठ्यक्रम संचालित करता है, उससे हम उसकी क्रियात्मकता एवं समाज के प्रति उसकी दृष्टि एवं उत्तरदायित्वों को समझ सकते हैं। शैक्षणिक कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आंतरिक दर्शन का बाह्य विस्तार होता है, कारण यह है कि इन्हीं के माध्यम से वह अपने शैक्षिक–सामाजिक उत्तरदायित्वों का प्रसार करता हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का ध्येय उत्तराखण्ड के दूरस्थ व्यक्तियों को उच्च शिक्षा से तो जोड़ना है ही, साथ ही विश्वविद्यालय इस बात के लिए भी कृत संकल्प है कि राज्य एवं देश के अध्येताओं को तकनीकी एवं आधुनिक विषयों को उच्च शिक्षण सामग्री के साथ प्रस्तुत करे, जिससे अध्येताओं के सामने गम्भीर चिन्तन की पृष्ठभूमि प्रस्तुत हो सके। इस समय विश्वविद्यालय 80 पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है, जो परम्परागत पाठ्यक्रम (बी.ए, एम.ए., बी.कॉम, एम.कॉम) से लेकर आधुनिक रोजगारपरक विषयों से भी जुड़े हुए हैं। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष कुछ नए पाठ्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है। इन पाठ्यक्रमों में साइबर सुरक्षा, रेडियो जॉकी जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम के साथ ही संस्कृत तथा ज्योतिष जैसे परम्परागत पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय इस बात के लिए कृतसंकल्प है कि वह अपने पाठ्यक्रमों में परम्परागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का भी समावेश कर सके।

1.1. कार्यक्रम की प्रकृति (Nature of the Programmes)

पाठ्यक्रम के बाह्य संरचना के स्तर पर इसे वार्षिक, सेमेस्टर, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में विभक्त किया गया है। बी.ए, एम.ए. जैसे परम्परागत पाठ्यक्रम वार्षिक हैं, जबकि एम.बी.ए., एम.जे.एम.जी एम.टी.एम, एम.एच.एम. जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को सेमेस्टर पद्धति के अनुसार रखा जाता है। भविष्य में बी.ए, एम.ए, बी.कॉम, एम.कॉम जैसे पारम्परिक पाठ्यक्रमों को भी सेमेस्टर पद्धति के अंतर्गत रखे जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त व्यावसायिक एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत रखा गया है।

1.2. पाठ्यक्रम और क्रेडिट प्रणाली (Syllabus and Credit System)

मुक्त विश्वविद्यालय की शिक्षण पद्धति में प्रत्यक्ष शिक्षण पद्धति के कक्षा–अध्यापन के समतुल्य स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण किया जाता है। यह अध्ययन सामग्री कक्षा अध्यापन का लिखित प्रतिरूप है, इसलिए एक विशेष व्यवस्था के तहत इसे नियोजित किया जाता है। पाठ्यक्रमों की समयावधि सुनिश्चित करने के लिए इन्हें क्रेडिट प्रणाली के अंतर्गत विभाजित किया गया है। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में विभिन्न श्रेणी के पाठ्यक्रमों के लिए अलग-अलग क्रेडिट्स तथा अध्ययन अवधि निर्धारित की गयी है। इस व्यवस्था में एक (01) क्रेडिट का अभिप्राय 30 घंटे के छात्र अध्ययन के बराबर माना जाता है, जिसमें समस्त अध्ययन गतिविधियॉ शामिल हैं, जैसे: पढ़ने और स्वअध्ययन सामग्री (SLM) को समझने, ऑडियो सुनने, वीडियो देखने, परामर्श सत्र में भाग लेने, दूरसंवाद और सत्रीय कार्य लेखन, इत्यादि।

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित क्रेडिट एवं सामान्य अवधि का विवरण निम्नवत हैं-

पाठ्यक्रम	निर्धारित क्रेडिट	पाठ्यक्रम की सामान्य अवधि
प्रमाण-पत्र	12-18	6 मास
डिप्लोमा / पी.जी. डिप्लोमा	28-36	1 वर्ष

स्नातक उपाधि (सामान्य / व्यावसायिक)	96-100	3 वर्ष
स्नातक उपाधि (प्राविधिक)	160-105	5 वर्ष
द्वितीय स्नातक उपाधि	32	1 वर्ष
स्नातकोत्तर उपाधि (सामान्य)	60-66	2 वर्ष
स्नातकोत्तर उपाधि (प्राविधिक/व्यावसायिक)	96-100	3 वर्ष

1.3. विद्याशाखाएं (Schools)

वर्तमान में, विश्वविद्यालय 14 विद्याशाखाओं एवं 52 विभागों के माध्यम से विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। ये विद्याशाखाएं निम्नलिखित हैं:-

1. कृषि एवं विकास अध्ययन
2. कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी
3. स्वास्थ्य विज्ञान
4. विज्ञान
5. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान
6. प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य
7. शिक्षाशास्त्र
8. मानविकी
9. समाज विज्ञान
10. विधि
11. पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन
12. पर्यटन, आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन
13. व्यावसायिक अध्ययन
14. भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान

1.4. पाठ्यक्रम एवं स्व-अध्ययन सामग्री(Curriculum and SLM)

मुक्त विश्वविद्यालयी शिक्षा पद्धति का आधार स्वचिंतन, स्वाध्याय एवं स्व-निर्माण है । प्रत्यक्ष शिक्षण-पद्धति का आधार गुरू ज्ञान एवं गुरू व्यक्तित्व की समीपता है। प्रत्यक्ष शिक्षण- पद्धति में गुरू-शिष्य संवाद की पर्याप्त गुंजाइश तो है, किन्तु धीरे-धीरे उनका स्थान शिलाधर्मी गुरुओं के एकालापी वक्तव्य ने ले ली है। फलत: प्रत्यक्ष शिक्षण-पद्धति एकालाप तथा ज्ञान के आतंक तक सीमित होती चली गयी। मुक्त शिक्षण पद्धति ज्ञान के एकालापी पद्धति की जगह गुरू–शिष्य संवाद को स्थापित करती है। मुक्त विश्वविद्यालय की स्व-अध्ययन सामग्री गुरू की लिखित उपस्थिति है। श्रेष्ठ लेखकों /प्राध्यापकों द्वारा निर्मितअध्ययन सामग्री छात्रों को इस योग्य बनाती है कि वह स्वयं ही ज्ञान के आत्मसातीकरण की प्रक्रिया को सुनिश्चित कर सकें। ज्ञान की सार्थकता तब तक नहीं होती जब तक कि वह छात्र के भीतर स्वयं ही प्रश्न निर्मित करने की योग्यता न उत्पन्न कर दे। मुक्त शिक्षा पद्धति में स्तरीय अध्ययन सामग्री के माध्यम से हम यह कार्य करते हैं। स्व-अध्ययन सामग्री निर्माण में मनोवैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग करते हुए छात्र के वातावरण, उसकी मानसिक गति-स्थिति तथा प्रश्नों –सामग्री के क्रमिक विस्तार के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया जाता है।

पाठ्यसामग्री का निर्माण दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के अत्यन्त महत्वपूर्ण घटकों में से है। पाठ्यक्रमों को सहज एवं

बोधगम्य बनाने हेतु उन्हें सबसे पहले विषय केंद्रित खण्डों (ब्लॉक) में विभक्त किया जाता है। तत्पश्चात् प्रत्येक खण्ड को चार से छ: छोटी-छोटी इकाइयों में विभक्त किया जाता है। इस प्रक्रिया का मुख्य ध्येय यह है कि विद्यार्थी एक या दो चरण में एक इकाई का पूर्ण अध्ययन कर सके। पाठ्यवस्तु की शैली इस प्रकार नियोजित की जाती है कि वह कक्षा में अध्यापक की उपस्थिति को प्रतिबिंबित कर सके। इसलिए विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री के बीच-बीच में ऐसे प्रश्नों की श्रृंखला दी जाती है, जो उन्हें प्रेरित करने के साथ –साथ उस पाठ का तथ्यपरक ज्ञान भी करा सकें। कठिन तथा पारिभाषिक शब्दावली की आख्या द्वारा जटिल तथ्यों एवं विचारों को बोधगम्य बनाया जाता है। अध्ययनार्थियों को व्यापक एवं गहन अध्ययन के लिए उस विषय के महत्वपूर्ण तथा सहायक ग्रन्थों की सूची उपलब्ध करायी जाती है। इकाई के अन्त में दिये गये प्रश्न परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध होते हैं।

1.5. ऑडियो – विजुअल सामग्री (Audio-visual Material)

दूरस्थ शिक्षा पद्धति को रोचक एवं प्रभावशाली बनाये जाने हेतु कुछ पाठ्यक्रमों में ऑडिया-विजुवल व्याख्यानों को विकसित किया गया है। ऑडियो-विजुअल की कुछ सामग्री विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। भविष्य के लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु इकाई/ ब्लॉक के अनुसार ऑडियो- विजुअल सामग्री का विकास किया जाए फलस्वरूप विद्यार्थी को पाठ्य की सामग्री समझने में और अपनी समझ को और अधिक बढ़ाने में सहायता मिल सके । विश्वविद्यालय के एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत ऑडियो–विजुअल व्याख्यानों को 'एडुसेट' के माध्यम से सरकारी महाविद्यालयों मे अपने स्वयं के अध्ययन केंद्रो से प्रसारित करने की योजना है,जिससे विद्यार्थियों को इसका अतिरिक्त लाभ मिल सके। इस दिशा में हमारे केंद्र कार्य कर रहे हैं और वे सफल रहे हैं।

1.6. स्व-अध्ययन पाठ्यसामग्री लेखन एवं प्रशिक्षण (Study material writing and training)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के कुछ एक वर्षों में ही अपनी पाठ्य सामग्री का निमार्ण प्रारंभ करा दिया था। आज विश्वविद्यालय ने लगभग सारे विषयों में अपनी पाठ्य सामग्री निर्मित कर ली है। विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री नवीन ज्ञान-विज्ञान, शोधपरक दृष्टि एवं तथ्यात्मकता से युक्त है। प्रत्येक विषय के समन्वयक के निर्देशन में विषय विशेषज्ञों की सहायता से विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री निर्मित की जाती है। विश्वविद्यालय की स्व-अध्ययन सामग्री प्रत्यक्ष शिक्षण का विकल्प होता है, इसलिए इसकी लेखन-प्रक्रिया सामान्य पुस्तक लेखन प्रक्रिया से भिन्न होती है। सामान्य लेखन में लेखक अपने मतों को अपने दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर देता है। उसके लेखन के केंद्र में कोई निश्चित पाठक नहीं होता। अत: वह अपने मत को व्यक्तिगत रूप देकर लिखता है। इस लेखन की अपनी स्तरीयता के अनुरूप ही पाठक स्वयं तय हो जाते हैं।

अत: लेखक पाठ की सम्प्रेषणीयता से मुक्त होता है, किन्तु मुक्त विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री का निमार्ण सुनिश्चित पाठक के आधार पर होता है। इसलिए इसकी प्रक्रिया सरल भी होती है और ज्यादा वस्तुनिष्ठ भी। स्व-अध्ययन सामग्री का लेखन एक विशेष पद्धति (संवादात्मक) पर होता है, इसलिए यह पद्धति व्याख्यात्मक पद्धति से भिन्न होती है। इन्हीं कारणों से जब स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण किया जाता है, तब इसके लेखन में विशेष सावधानी की आवश्यकता पड़ती ही है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय समय-समय पर बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों की सहायता से स्व-अध्ययन सामग्री निर्माण की कार्यशाला आयोजित करता रहता है, जिससे उच्च पाठ्यसामग्री निर्मित हो सके। इस प्रकार के पाठ्यसामग्री लेखन की कार्यशाला एवं प्रशिक्षण से एक तो विश्वविद्यालय की पाठ्यसामग्री उन्नत होती है तो दूसरे उनमें एकरूपता भी आती है।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित अध्ययन सामग्री की रूपरेखा इस प्रकार है –

क्रम संख्या	विषय	विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित अध्ययन सामग्री
1.	अंग्रेजी	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
2.	हिन्दी	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
3.	संस्कृत	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
4.	ज्योतिष	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
5.	उर्दू	बी0ए0 व एम0ए0 (प्रथम वर्ष)
6.	संगीत	बी0ए0
7.	समाज कार्य	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
8.	इतिहास	बी0ए0
9.	लोक प्रशासन	बी0ए0
10.	राजनीति विज्ञान	बी0ए0 व एम0ए0 (प्रथम वर्ष)
11.	योग	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
12.	गृह विज्ञान	डीपीएचसीएन व बी0 ए0
13.	पर्यटन	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
14.	होटल मैनेजमेन्ट	डीएचएम & बीएचम
15.	अर्थशास्त्र	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
16.	शिक्षाशास्त्र	बी0ए0 व एम0ए0/ बी0एड0 (शिक्षाशास्त्र) एवं बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा)
17.	लोक प्रशासन	एम0ए0 प्रथम वर्ष
18.	जन्तु विज्ञान	बीएससी (जन्तु विज्ञान)
19.	रसायन विज्ञान	बीएससी (रसायन) एवं एमएससी प्रथम सेमेस्टर
20.	वनस्पति विज्ञान	बीएससी (वनस्पति विज्ञान)
21.	भौतिकी	बीएससी (भौतिकी) प्रथम वर्ष
22.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान	बी0 लिब0
23.	मनोविज्ञान	बी0ए0
24.	समाज शास्त्र	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
25.	भूगोल	बी.ए. प्रथम व द्वितीय वर्ष

विषयवार अध्ययन सामग्री की सूची

1.7 कार्यशाला/प्रयोगात्मक कार्यशाला/परियोजना कार्य

1.7.1 मुक्त विश्वविद्यालयी शिक्षण पद्धति में ज्ञान तथा पाठ को सैद्धान्तिक रूप देकर ही छोड़ नहीं दिया जाता अपितु उसे व्यावहारिक निकष पर भी परखा जाता है। ज्ञान को व्यावहारिक रूप प्रदान करने के लिए मुक्त विश्वविद्यालय में समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। कार्यशाला को एक प्रकार से हम सैद्धान्तिक ज्ञान का व्यावहारिक परीक्षण या उपस्थापन के रूप में समझ सकते हैं। कार्यशाला आयोजन के पीछे

मुख्य मत यह है कि छात्र द्वारा अध्ययन सामग्री के वाचन पश्चात उसके ज्ञान की व्यावहारिक उपस्थिति का पता लगाना। इन कार्यशालाओं में विश्वविद्यालय के शिक्षकों के अतिरिक्त बाह्य विषय-विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जाता है, जिससे छात्र विषय को सैद्धान्तिक और व्यावहारिक रूप में ग्रहण करने की समुचित योग्यता धारण कर सके।

विज्ञान, शिक्षा, समाज कार्य, मनोविज्ञान, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में कार्यशाला/प्रयोगात्मक कार्यशालाओं का प्रावधान किया गया है, जिससे विद्यार्थियों की प्रायोगिक समझ विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त कुछ पाठ्क्रमों में परियोजना कार्य पाठ्यक्रम के अनिवार्य भाग के रूप में शामिल किया गया है, जिससे विद्यार्थी के प्रायोगिक/व्यावहारिक/शोधपरक ज्ञान में वृद्धि हो सके।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम मुख्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र तथा अध्ययन केन्द्रों की त्रिस्तरीय व्यवस्था द्वारा संचालित होते हैं। राज्य के विभिन्न भागों में स्थित 8 क्षेत्रीय केन्द्र विश्वविद्यालय द्वारा नियन्त्रित तथा निर्देशित होते हैं। प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र अपने क्षेत्र में स्थित अध्ययन केन्द्रों और विश्वविद्यालय के बीच समन्वय तथा सक्रिय सहयोग की भूमिका निभाते हैं। अध्ययन केन्द्र, क्षेत्रीय कार्यालय तथा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार छात्रों का प्रवेश, पाठ्य-सामग्री परामर्श तथा प्रयोगात्मक कार्य से सम्बन्धित सभी कार्यों का सम्पादन करते हैं। समस्त शिक्षण कार्यों का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित अध्ययन केन्द्रों से ही होता है। इस समय विश्वविद्यालय में 88 अध्ययन केंद्र हैं।

1.8 निदेशालय, क्षेत्रीय सेवाएं (आर.एस.डी.)

विश्वविद्यालय मुख्यालय में क्षेत्रीय सेवा प्रभाग की स्थापना की गयी है। यह प्रभाग 8 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं 88 अध्ययन केन्द्रों का नियमन एवं समन्वय करता है। यह अनुभाग क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों के संचालन का सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग स्थिर करता है। (देखें परिशिष्ट – XIII & XIV)



क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थिति

1.9 क्षेत्रीय केन्द्र

क्षेत्रीय केन्द्रों का कार्य अध्ययन केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय के बीच शैक्षिक पाठ्यक्रमों हेतु समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को उत्तराखण्ड के दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाना है। ये केन्द्र सामान्यतः

भौगोलिक पहुंच एवं अध्ययन केन्द्रों की परिस्थिति के दृष्टिकोण से बीच की जगह में स्थापित किये गये हैं। ऐसे आठ क्षेत्रीय केन्द्र, जिसमें से चार गढ़वाल मण्डल में (देहरादून,रूड़की,पौड़ी एवं उत्तरकाशी) तथा चार कुमाऊँ मण्डल (रानीखेत, हल्द्वानी, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़) में स्थापित किये गये हैं। इन क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

1.10 अध्ययन केन्द्र

अध्ययन केन्द्र मुक्त विश्वविद्यालयी शिक्षण पद्धति की प्राथमिक इकाई हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय सेवा प्रभाग के द्वारा समुचित कार्यवाही के उपरान्त अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की जाती है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी सुविधानुसार अध्ययन केन्द्र चुनने की स्वतंत्रता होती है। छात्रों के प्रवेश के साथ साथ उनके लिए परामर्श सत्रों तथा प्रयोगात्मक कार्यों की व्यवस्था भी अध्ययन केन्द्रों द्वारा की जाती है। इन केन्द्रों के माध्यम से प्रत्येक छात्र अपने विश्वविद्यालय से निरन्तर जुड़ा रहता है।

2.1 उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में वर्षवार छात्र संख्या

क्र.सं.	शैक्षिक सत्र	छात्र संख्या
1	2006-07	2776
2	2007-08	1898
3	2008-09	1503
4	2009-10	629
5	2010-11	7380
6	2011-12	13729
7	2012-13	21316
8	2013-14	22272
9	2014-15	23875
10	2015-16	33095
11	2016-17	40,281
12	2017-18	68,230
13	2018-19	56,014



वर्ष वार छात्रों की संख्या

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की छात्र संख्या में 2011-12 के पश्चात् क्रमश: वृद्धि होती रही है। यह तथ्य ऊपर दी गयी सारिणी में आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि 2006-07 में हमारी छात्र संख्या महज 2776 थी जो कि वर्ष 2017-18 में 68,230 पहुँच चुकी थी। इस वर्ष 2018-19 में छात्र संख्या में थोड़ी सी गिरावट

आयी और यह संख्या 56,014 हो गयी। जिसका मुख्य कारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा (UGC) द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित किये जा रहे पाठ्यक्रमों की मान्यता समय पर नहीं मिलना था। इससे विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधि पर भी प्रभाव पड़ा। किन्तु साथ में विश्वविद्यालयीय अकादमिक विस्तार के लिए यह सुखद समाचार भी रहा कि हम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से पूर्व संचालित पाठ्यक्रमों के साथ-साथ अन्य कई नये पाठ्यक्रमों की मान्यता लेने में सफल रहें। इसके प्रभाव से भविष्य में हमारी छात्र संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होने की भी संभावना रहेगी।

सामान्य / दिव्यांग छात्र



सामान्य/ दिव्यांग छात्र वर्तमान परिस्थिति

विश्वविद्यालय सामान्य छात्रों के साथ-ही-साथ दिव्यांग छात्रों के लिए भी कृतसंकल्प है। विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष कुल 68,230 छात्रों में से 2207 दिव्यांग छात्र थे। सत्र 2018-19 में 56,014 छात्रों में इनकी संख्या 1779 हो गई। कोई भी समाज नहीं चाहता कि उसके यहाँ अप्राकृतिक रूप से कोई व्यक्ति अपने अस्तित्व का निवर्हन करे। बावजूद इसके हमारा दायित्व है कि दिव्यांग छात्रों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दें। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने दिव्यांग छात्रों के लिए समय-समय पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन तो करता ही रहता है, साथ– ही-साथ अन्य मानवीय सहायता एवं सुविधा भी उपलब्ध कराता है। विश्वविद्यालय का यह ध्येय है कि वह दिव्यांग छात्रों के भीतर आत्मविश्वास का संचार कर उन्हें इस योग्य बना दे, जिससे वह समाज की मुख्यधारा में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें।

- **पुरूष एवं महिला छात्र**



उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय पुरूष और महिला दोनों वर्गों के समान अधिकार व विकास का पक्षधर है। बावजूद हमने महिलाओं की सुविधा को विशेष रूप से दृष्टिगत रखा है। अपने महिला कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए हमने हमेशा उनको आगे रखा है। पुरूष और महिला छात्रों की संख्या में भी इसीलिए समानता है, बल्कि महिला छात्रों की संख्या पुरूषों की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही है। पिछले वर्ष 32898 छात्रों के मुकाबले 35332 छात्रायें थीं। इस वर्ष है। इस वर्ष छात्राओं की संख्या में थोड़ी गिरावट आयी है। सत्र 2018-19 में 30111 छात्रों के मुकाबले छात्राओं की संख्या 25903 हैं। यह उतार-चढ़ाव बना रहता है। विगत दो वर्षों से महिला छात्राओं की संख्या निरन्तर बढ़ रही थी। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हम छात्राओं के प्रति एक अनुकूल अध्यापन परिसर का निर्माण विकास करने में सफल रहे हैं।

- **जाति वर्गीकरण के आधार पर छात्र विभाजन**

Category-wise Numbers of Students

Year	GEN.	SC	ST	OBC
2012-13	16994	2095	508	3798
2013-14	16240	2062	537	3690
2014-15	16825	2348	744	4403
2015-16	28881	1375	717	2569
2016-17	26287	4022	1896	8076
2017-18	45995	7517	2707	12011
2018-19	37710	6523	2477	9304

वर्ष वार जाति वर्गीकरण के आधार पर छात्रों की संख्या

किसी भी समाज का सर्वांगीण विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक कि उस समाज के सभी वर्ग मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बन जाते। भारतीय समाज का एक बड़ा अंतर्विरोध या विशेषता इसका जाति विभाजित समाज है। पूर्व की अपेक्षा आज हमारे समाज के सभी वर्गों की जातियाँ सामाजिक गतिशीलता में अपना योग दे रही हैं। एक अध्ययन परिसर के भीतर हमारा यह दायित्व है कि हम सभी वर्गों के लिए समान सुविधा व अवसर को विकसित कर सकें।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने समाज कल्याण विभाग की सहायता से अनुसूचित जाति व जनजाति जाति के शुल्क वापसी का प्रावधान भी नियत किया है। विश्वविद्यालय के समावेशी चरित्र ने सभी वर्ग के छात्रों में अपनी विश्वसनीयता निर्मित की है। पिछले सत्र में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में अन्य पिछड़ी जाति के 12011 छात्र थे, जबकि अनुसूचित जाति के 7517 एवं अनुसूचित जनजाति के 2707 छात्र नामांकित थे। इस वर्ष संख्या में कमी आयी हैं। सत्र 2018-19 में पिछड़े छात्रों की संख्या 9304 हो गई है, जबकि अनुसूचित जाति के 6523 छात्र एवं अनुसूचित जनजाति के 2477 छात्र नामांकित हैं।

विश्वविद्यालय में जाति वर्गीकरण के आधार पर नीचे दिए गए चार्ट द्वारा वर्षवार छात्रों की स्थिति का अवलोकन किया जा सकता है।



मानविकी विद्याशाखा
(SCHOOL OF HUMANITIES)

❖ अंग्रेजी विभाग

- अंग्रेजी विषय में बी0ए0 एवं एम0ए0 पाठ्यक्रम के पाठ्यसामग्रियों का सम्पादन कार्य किया गया।

❖ संस्कृत विभाग

- संस्कृत विषय में बी0ए0 एवं एम0ए0 पाठ्यक्रम के पाठ्यसामग्रियों का सम्पादन कार्य किया गया।

❖ हिन्दी विभाग

- राजभाषा दिवस, 14 सितम्बर 2018 को हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषायें विभाग द्वारा एक वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर एच.पी.शुक्ल ने कहा कि हर सचेत समाज अपनी परम्परा को नवीन ढंग से खोजता है। हिन्दी भाषा की परम्परा इस देश की मूल संस्कृति से जुड़ी हुई है। इसी कारण वह बाजार की शक्तियों से प्रभावित भले हो, किन्तु संचालित नहीं है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कुमाऊँ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रोफेसर नीरजा टण्डन ने कहा कि हर हिन्दी की ताकत इसकी प्रादेशिकता में है। यह भाषा इसलिए समृद्ध है क्योंकि इसके पास लम्बी प्रादेशिक चेतना है। कॉमर्स एवं प्रबन्ध विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर आर.सी.मिश्र ने कहा कि हिन्दी भाषा का लचीलापन एवं असाम्प्रदायिक चरित्र इसे विशिष्ट बनाता है। संगोष्ठी का प्रस्तावना वक्तव्य देते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शशांक शुक्ला ने कहा कि हिन्दी भाषा की ताकत इसका जनतांत्रिक स्वरूप है। यह सत्ता की भाषा कभी नहीं रही। इसकी ताकत यह भी नहीं है कि यह इस देश की संस्कृति, पूर्वभाषा – अपभ्रंशों के दामन को स्वीकार कर आगे बढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेन्द्र कैड़ा ने किया।

हिन्दी दिवस समारोह की छायाचित्र

❖ ज्योतिष विभाग

- दिनांक 30 मार्च 2019 को ज्योतिष विभाग द्वारा 'ज्योतिषशास्त्र का लोक-कल्याणकारी स्वरूप' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रिय संगोष्ठी का आयोजन उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में किया गया। यह संगोष्ठी माननीय कुलपति प्रोफेसर ओमप्रकाश नेगी जी के निर्देशन तथा मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर एच.पी.शुक्ल जी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर देवीप्रसाद त्रिपाठी कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने उपस्थित होकर संगोष्ठी में आए समस्त प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि ज्योतिष की सीमा शून्य से अनन्त तक है। यह समस्त चराचर प्राणियों के लिए कालानुरोधेन उत्तम पथप्रदर्शक है। इस शास्त्र की अपार सम्भावनायें हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर एच.पी.शुक्ल ने ज्योतिष के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की प्रस्तावना विभागीय सहायक प्राध्यापक डॉ. नन्दन कुमार तिवारी ने उपस्थापित किया तथा संचालन डॉ. देवेश कुमार मिश्रा ने किया। संगोष्ठी में 50 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के समापन में माननीय कुलपति प्रोफेसर ओमप्रकाश नेगी जी ने सभी का आभार जताया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नन्दन कुमार तिवारी ने किया। संगोष्ठी में अन्य विद्वान- डॉ. रत्न लाल शर्मा, प्रोफेसर जगन्नाथ जोशी, डॉ. महेश चन्द्र जोशी, डॉ.गोपाल दत्त त्रिपाठी, डॉ. नवीन चन्द्र वेलवाल, संस्कृत के सहायक उच्च शिक्षा निदेशक, पदमाकर मिश्र के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. सूर्यभान सिंह, डॉ. नीरजा सिंह, शालिनी चौधरी, डॉ. सीता, राजेन्द्र सिंह क्वीरा आदि ने प्रतिभाग किया।

एकदिवसीय राष्ट्रिय ज्योतिष संगोष्ठी की छायाचित्र

- विभागीय सहायक प्राध्यापक डॉ. नन्दन कुमार तिवारी को दिनांक 10 अप्रैल 2018 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय में UGC- MHRD द्वारा प्रदत्त परियोजना E-content (इ- पाठशाला) में PG स्तरीय ज्योतिष (गणित) सम्बन्धित 'ग्रहलाघवम्' नामक प्रश्न पत्र के कुल 32 इकाईयों का संस्कृत भाषा में लेखन कार्य के लिए BHU संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। UGC के वेबसाइट पर ज्योतिष (गणित) विषय के लिए डॉ. नन्दन कुमार तिवारी का नाम इकाई लेखक के रूप में अंकित हो चुका है।

डॉ. नन्दन कुमार तिवारी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU) के ज्योतिष विभाग में सम्मानित होते हुए

पुस्तकालय विभाग की सक्रियता एवं कुशलता को समय–समय पर विभिन्न संगठनों ने सराहा है। NCTE, VGC, DEC एवं RC के सदस्यों के निरीक्षण समय-समय पर यहाँ होते रहें हैं। ग्रन्थालय के प्रभारी डॉ0 जटाशंकर तिवारी के साथ ही राकेश पंत एवं श्रीमती मीनू गुप्ता की सक्रियता ने पुस्तकालय को छात्र हित के सर्वथा अनुकूल बना दिया है। इस प्रकार विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय आधुनिक सुविधाओं के साथ ही मानवीय दृष्टि से भी सहयोगी है। ग्रन्थालय से लगा इसका वाचनालय शांतिपूर्ण कक्ष है, जिसमें छात्र पुस्तकालय का उचित लाभ उठाते रहे हैं।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक गतिविधियों के लिए उत्तराखण्ड में विशेष प्रसरित रहा है। इसकी अकादमिक गतिविधियाँ स्वत: स्फूर्त हैं। यही कारण है कि विश्वविद्यालय में आए दिन विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। विश्वविद्यालय में विभिन्न महापुरूषों की जयन्तियाँ मनाने का प्रचलन रहा है, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कार्यसूची में भी है।

4.5. पाठ्यसामग्री उत्पादन एवं वितरण प्रभाग (एम.पी.डी.डी.)

मुक्त विश्वविद्यालयीय परम्परा में पाठ्यसामग्री का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है। दूसरे शब्दों में कहा जाय तो पाठ्यसामग्री मुक्त शिक्षण व्यवस्था में सर्वमूलाधार है। इस प्रणाली में छात्र प्रत्यक्ष नहीं होता, इसलिए यहाँ के अध्यापकों के लिए एक विशेष दायित्व बन जाता है कि उन्हें छात्रों को अप्रत्यक्ष रूप से उसका विषय बोध करायें।इस कड़ी में अध्यापक अपनी पाठ्यसामग्री से ही छात्रों से जुड़ता है। पाठ्यसामग्री मुद्रणोपरान्त एम.पी.डी.डी. प्रभाग द्वारा छात्रों को वितरित की जाती है। इस प्रकार पाठ्यसामग्री उत्पादन एवं वितरण प्रभाग विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण प्रभाग है। यह प्रभाग छात्रों तक पाठ्यसामग्री वितरण के प्रति उत्तरदायी है। यह प्रभाग सुनिश्चित करता है कि पाठ्यसामग्री छात्रों को समय पर प्राप्त हो सके।

एम.पी.डी.डी. के सदस्यों द्वारा छात्रों को पाठ्यसामग्री वितरण करते हुए

यह प्रभाग छात्रों के हित में, वर्ष 2018-19 से अधिकांश विद्यार्थियों की अध्ययन सामग्री सीधे उनके अध्ययन केन्द्रों पर प्रेषित कर रहा है। एम0पी0डी0डी0 अनुभाग द्वारा विद्यार्थियों को तीन प्रकार से पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराई जा रही है-

1. विद्यार्थियों को उनके अध्ययन केन्द्रों तक सीधे पहुँचाकर।
2. क्षेत्रीयों केन्द्रों तक पहुँचाकर।
3. विद्यार्थियों को सीधे उनके पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से।
4. कूरियर सेवा के द्वारा।

एमपीडीडी अनुभाग में अध्ययन सामग्री के साथ

इस वर्ष से विश्वविद्यालय का एम.पी.डी.डी. अनुभाग का यह प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को उनकी अध्ययन सामग्री और अधिक सहजता से प्राप्त हो सके। इसके लिए यह अनुभाग निरन्तर नवीन योजनाओं के साथ कार्य कर रहा है। वर्ष 2018-19 में यह अनुभाग अपनी कार्यकुशलता के साथ नवीन परिवर्तन करते हुए शीघ्रता से विद्यार्थियों को उनकी अध्ययन सामग्री प्रेषित कर चुका है। इस प्रकार यह प्रभाग विद्यार्थियों को उनका पाठ्यसामग्री वितरण हेतु कटिबद्ध है।

4.6. सूचना प्रौद्योगिकी अधिसंरचना (Information Technology Infrastructure)

- **सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (I.C.T.)**

वर्ष 2010 में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में आई.सी.टी. विभाग की स्थापना की गई। विश्वविद्यालय के पास वर्तमान में विश्वविद्यालय के आई.सी.टी. विभाग का अपना स्वयं का वैब सर्वर, एप्लिकेशन सर्वर और डेटाबेस सर्वर है। विश्वविद्यालय के पास सम्प्रति 12TB NAS की सम्पूर्ण बैकअप धारिता क्षमता है, और विश्वविद्यालय 1GBPS NKN नेटवर्क पाइप से जुड़ा है तथा 4MBPS नेटवर्क पाइप के बैकअप की व्यवस्था है।

आइ.सी.टी अनुभाग में कार्यरत तकनीकी विशेषज्ञ

आई.सी.टी. विभाग मूलत: सूचना प्रोद्यौगिकी के सम्बन्ध में योजना निर्माण के साथ सूचना, तकनीकी निर्माण, हार्डवेयर प्रबंधन, आई.टी. सम्भरण एवं सहायता, अधिप्राप्ति, आभासी शिक्षा, कम्यूनिटी रेडियो आदि कार्यों का सम्पादन करता है और सॉफ्टवेयर विकास, पोर्टल विकास, प्रयोज्यता सम्भरण, डाटा केन्द्र प्रबन्धन, नेटवर्क प्रबन्धन, आई.टी. सेवाएं तथा सहयोग एवं सभी प्रकार के सम्प्रेषण के कार्यों का निर्वहन करता है। विश्वविद्यालय में इसके द्वारा स्टूडेण्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम का निर्माण किया गया है, जिसके अन्तर्गत ऑनलाइन प्रवेश/ परीक्षा फॉर्म, ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया, इन्ट्रानेट में प्रार्थना पत्र के अलावा एम.पी.डी.डी., प्रवेश फॉर्म, परीक्षा/ अंकपत्र, वित्त एप आदि की सुविधा भी उपलब्ध है। आई.सी.टी. विभाग द्वारा वैब पोर्टल बनाया गया है और छात्रों के लिए शिकायती टिकट प्रणाली भी निर्मित की गयी है।

वन-व्यू एप्लीकेशन द्वारा छात्रों को उनकी प्रोफाइल, शुल्क, परीक्षा आदि की समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आई.सी.टी. विभाग द्वारा विकसित ई-ग्रन्थालय भी विश्वविद्यालय में उपलब्ध है। विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए इन्ट्रानेट पोर्टल कार्यरत है और बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। आई.सी.टी. विभाग द्वारा क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए प्रवेश फॉर्म, पुस्तक वितरण फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, परीक्षाफल, हार्डवेयर एवं प्रयोज्यता से संबंधित आई.सी.टी. सहायता दी जाती है।

आई.सी.टी. विभाग द्वारा शिक्षण केन्द्रों के लिए भी प्रवेश फॉर्म, पुस्तक वितरण फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, ऑनलाइन शुल्क भुगतान, परीक्षाफल तथा सम्बन्धित सूचनायें प्रदान की जाती है । विश्वविद्यालय में आई.सी.टी. विभाग द्वारा छात्रों के लिए एक किओस्क भी स्थापित किया गया है, और ऑनलाइन लर्निंग भी शुरू की गयी है। वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर Wi-Fi से सुसज्जित है, और सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय देश का प्रथम मुक्त विश्वविद्यालय है, जिसने विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने के लिए मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज़ (MOOC) की सुविधा दी है।

4.7. मानव संसाधन (Human Resources)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय श्रेयताओं के सर्वांगीण विकास के लिए उच्च भौतिक एवं मानवीय संसाधनों से युक्त विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय में जहाँ एक ओर उच्च तकनीकी सुविधायें उपलब्ध हैं, तो दूसरी ओर अपने-अपने विषय में विशेषज्ञ प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी हैं। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्र-हित को ध्यान में रखते हुए श्रेष्ठ मानवीय क्षमताओं की उत्पादकता निर्मित करना है। इसलिए विश्वविद्यालय भौतिक,

तकनीकी एवं मानवीय संसाधनों की 'एकसूत्रता की अंतर्क्रिया' पर विशेष बल देता है। अर्थात् एक ओर तो इसमें भौतिक ढाँचा, कार्यदशायें हैं, दूसरी ओर उन कार्यदशाओं को प्रसारित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता है, तो तीसरी ओर कार्यदशा को व्यावहारिक रूप देने के लिए श्रेष्ठ मानवीय संसाधन यानी शिक्षा और कौशल का संयुक्त समवाय देखने को मिलता है। यहाँ का हर सदस्य अपने विषय की दक्षता के साथ ही यन्त्र एवं तकनीकी कौशल से युक्त है। आज का युग तकनीकी कौशल का युग है। आज हमारे पास ज्ञान का पुस्तकीय रूप ही पर्याप्त नहीं रह गया है। तेजी से बदल रहे विश्व में घटित हो रही हर महत्वपूर्ण घटना दूसरे समाज (देश) को प्रभावित कर लेती हैं। ऐसी स्थिति में यह युग की आवश्यकता है कि हम तकनीकी रूप से सक्षम बनें और सूचना युग में अपने लिए तथा अपने समाज के लिए ज्ञान का सृजन करें। इसलिए आज के युग में ज्ञान और कौशल दोनों महत्वपूर्ण हो उठे हैं। ज्ञान को प्रसारित होने के लिए कौशल चाहिए तथा कौशल को ज्ञान का स्त्रोत चाहिए। इसीलिए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने तकनीकी कार्य कुशल प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की हैं।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में नियमित और अस्थायी शिक्षकों की श्रेष्ठ टीम है। यह देश के प्रारम्भिक विश्वविद्यालयों में से है, जहाँ शिक्षकों की चयन प्रक्रिया को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है।

एक ओर हम छात्रों के लिए उच्चस्तरीय पाठ्यपुस्तकें निर्मित करते हैं तो दूसरी ओर उनके ज्ञानात्मक उत्कर्ष के लिए वीडियो लेक्चर, रेडियो व्याख्यान, टैली कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से अध्यापन, कार्यशाला, परामर्श सत्रों का आयोजन एवं संगोष्ठी का आयोजन करते हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का शिक्षण तन्त्र लचीलेपन, लोकतान्त्रिक एवं पारदक्रिया से संचालित होता है। प्राध्यापक सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन करते समय विशेष सुझावात्मक टिप्पणियाँ करते हैं, जिससे छात्र परीक्षा के पूर्व ही अपनी कमियों में सुधार कर लेते हैं। इसी प्रकार परामर्श सत्र में छात्रों की जिज्ञासाओं का रचनात्मक तरीके / पद्धति से शमन किया जाता है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें सम्बन्धित विषय के विशेषज्ञ विद्धानों को आमन्त्रित किया जाता है जिससे छात्र लाभान्वित हो सकें।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी तीन प्रक्रियाओं के तहत नियुक्त किए जाते हैं। कर्मचारियों का बड़ा वर्ग 'उपनल' सरकारी संस्था के तहत नियुक्त है। दूसरा वर्ग आउटसोर्सिंग एजेन्सियों के तहत नियुक्त है तथा तीसरा वर्ग दैनिक भत्ते वाले कर्मचारी हैं।

विश्वविद्यालय में शैक्षणिक तथा प्रशासनिक पदों का सृजन उत्तराखण्ड सरकार द्वारा किया जाता है। इन पदों पर नियुक्तियाँ उत्तराखण्ड सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों पर की जाती है। इसके अतिरिक्त दूरस्थ शिक्षा परिषद् (डेब) के मानकों के अनुरूप कुछ वरिष्ठ परामर्शदाताओं की नियुक्ति भी विश्वविद्यालय करता रहा है। इन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की सम्यक व्यवस्था में सहयोग के लिए तकनीकी कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारिंयों की नियुक्ति की गई है।

5. शिक्षार्थी सहायता सेवाएँ (Student Support Services)

किसी भी शिक्षण संस्था या विश्वविद्यालय के दो मुख्य घटक होते हैं – छात्र और प्राध्यापक। एक शिक्षा का ग्रहीता है तो दूसरा उसका प्रदाता। छात्र और अध्यापक के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान वैसे तो प्रत्यक्ष रूप में होता है, किन्तु उसकी प्रक्रिया के निष्पादन में विश्वविद्यालय के अन्य तत्व भी सहायक के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं। परम्परागत विश्वविद्यालय में गुरू और छात्र के बीच ज्ञान ग्रहण की प्रक्रिया प्रत्यक्ष होती है, किन्तु दूरस्थ व मुक्त शिक्षा पद्धति में अध्यापक और छात्र के बीच प्रत्यक्ष संवाद प्राय: नहीं होता। इसलिए यहाँ विद्यार्थी सहायता सेवाओं की लम्बी प्रक्रिया क्रियाशील होती है, जिसमें विश्वविद्यालय में छात्र के प्रवेश से लेकर उसके प्लेसमेन्ट और पुराछात्र समुदाय तक की प्रक्रिया चलती है। किसी भी शिक्षण तन्त्र के लिए छात्र केन्द्रीय घटक होता है। इस प्रकार विद्यार्थी सहायता सेवा का तात्पर्य उस पूरी प्रक्रिया से है, जो किसी भी शिक्षण संस्था में छात्रों के ज्ञानार्जन व सीखने की प्रक्रिया को समुन्नत व सुगठित रूप प्रदान करने के लिए कोई शिक्षण संस्था अपनाती है।

शिक्षण सहायता सेवाएँ के अन्तर्गत प्रवेश, पाठ्य-सामग्री, परामर्श सत्र, पुस्तकालय, परीक्षा, दीक्षान्त, प्लेसमेन्ट एवं पुराछात्र आदि शिक्षार्थी केन्द्रित व्यवस्था सन्निहित होती है। इस पूरी प्रक्रिया को इस चित्र/आरेख के माध्यम समझा जा सकता है -

शिक्षार्थी सहायता सेवाएँ

• अकादमिक सत्र

सामान्यतः विश्वविद्यालय का सत्र जुलाई से प्रारम्भ होकर अगले वर्ष जून तक चलता है। इस पाठ्यक्रम वार्षिक परीक्षा प्रणाली या सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली पर आधारित हैं। सेमेस्टर प्रणाली में सेमेस्टर की अवधि छः माह है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष में एक बार प्रवेश दिया जा रहा है।

1. ग्रीष्म कालीन सत्र - (प्रवेश 1 जुलाई से प्रारम्भ)

• प्रवेश की अंतिम तिथि -

प्रवेश	सत्र
	ग्रीष्मकालीन
आरम्भ की तिथि	01 जुलाई
अंतिम तिथि	31 अगस्त
विलम्ब शल्क रू.250/- के साथ	15 सितम्बर
विलम्ब शल्क रू.500/- के साथ	30 सितम्बर

• ऑनलाइन प्रवेश -

सभी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। ऑनलाईन प्रक्रिया में शुल्क का भुगतान पेमेंट गेटवे (डेबिड कार्ड/क्रेडिड कार्ड अथवा नेट बैकिंग) के माध्यम से किया जाता है।

प्रथम वर्ष/प्रथम समेस्टर में प्रवेश हेतु विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र तथा संलग्नकों को अनिर्वाय रूप से अध्ययन केन्द्र में जाकर सत्यापित कराते हैं। इन विद्यार्थियों को अग्रिम वर्ष में प्रवेश लेते समय अपने अभिलेखों को सत्यापित करवाने की आवश्यकता नही होती और वे सीधे ऑनलाइन प्रवेश प्राप्त करते हैं।

अगर कोई विद्यार्थी विश्वविद्यालय में पूर्व से ही नामांकित है तथा नये पाठ्यक्रम में ऑनलाइन प्रवेश लेना चाहता है, तो उस विद्यार्थी को अपने फार्म तथा संलग्नकों का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाना होता है।

• नामांकन/ पहचान पत्र

शिक्षार्थी सहायता सेवा का प्रथम चरण छात्र द्वारा विश्वविद्यालय में प्रवेश है। विश्वविद्यालय में प्रवेश के पश्चात् प्रत्येक विद्यार्थी का नामांकन किया जाता है और उसे एक नामांकन संख्या का आवंटन एक ही बार होता है, जिसका उल्लेख अंक तालिका, प्रमाण पत्र एवं उपाधि पत्र में किया जाता है।

विश्वविद्यालय में छात्रों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। छात्र द्वारा पहचान पत्र पर प्रविष्टियाँ अंकन तथा नवीनतम फोटोग्राफ चिपका कर सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र निदेशक से हस्ताक्षरित कराया जाना अनिवार्य होता है। पहचान पत्र शिक्षार्थी के विश्वविद्यालय में छात्र होने का प्रमाण होता है।

• पुनर्प्रवेश एवं पार्श्व प्रविष्टि

यदि कोई विद्यार्थी अपरिहार्य कारणों से पाठ्यक्रम के मध्य में ही अध्ययन छोड़ देता है और बाद में पुनः प्रवेश लेना चाहता है, तो ऐसे विद्यार्थी को इस प्रतिबन्ध के साथ पुनः प्रवेश प्रदान किया जा सकता है कि ऐसे

विद्यार्थी द्वारा उसके सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रथम प्रवेश की अवधि से निर्धारित अधिकतम अवधि के अन्तर्गत ही पाठ्यक्रम पूर्ण किया जाना होगा।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए पार्श्व प्रविष्टि (Lateral Entry) की भी व्यवस्था की है। पार्श्व प्रविष्टि के आधार पर प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों के प्रकरणों में उनके पूर्व संस्थानों के प्राप्तांको को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में प्रचलित प्रतिशतांक में परिवर्तित किया जाता है, जिससे कुल प्रतिशत के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि का निर्धारण किया जा सके।

- **प्रवेश पद्धति -**

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों ही पद्धतियों से प्रवेश लेने की व्यवस्था की गई है। जिन कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश होता है वहाँ राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित आरक्षण के नियम लागू होते हैं, किन्तु जिन कार्यक्रमों में सीधे प्रवेश की व्यवस्था है, वहाँ सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में केवल वे अभ्यर्थी ही प्रवेश के पात्र हैं जो विद्या परिषद द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आयु सीमा तथा अन्य मापदण्डों को पूरा करते हों। विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र अथवा विश्वविद्यालय से निर्धारित शुक्ल का भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अभ्यर्थी का प्रवेश उसी अध्ययन केंद्र में माना जाएगा, जहाँ उसने पूरित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हो अथवा पंजीकरण कराया हो । विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए वही आवेदन पत्र स्वीकार्य हैं, जिनके साथ विद्यार्थी द्वारा स्वप्रमाणित एवं सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र द्वारा सत्यापित अभिलेख/प्रमाण पत्र संलग्न हों। विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु मात्र उन्हीं स्कूल बोर्डों/ विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र एवं उपाधियाँ मान्य है जिन उपाधियों को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी ऐजुकेशन/विद्यालयी शिक्षा परिषद उत्तराखण्ड/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समकक्षता/ मान्यता प्रदान की गयी हो।

- **पाठ्यसामग्री (Learning Meterial)**

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली में मुद्रित अध्ययन सामग्री का महत्वपूर्ण स्थान है। विश्वविद्यालय की अध्ययन सामग्री छात्रों की रूचि, उनके मानसिक स्तर तथा ज्ञान के उच्चस्तरीय क्रियारूपों की सापेक्षता में निर्मित की जाती है। विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश एवं नामाकंन के पश्चात् अध्ययन सामग्री छात्रों को दे दी जाती है। अध्ययन सामग्री का वितरण विश्वविद्यालय के मुख्यालय से भी होता है तथा क्षेत्रीय एवं अध्ययन केंद्र से भी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के 8 क्षेत्रीय केंद्र हल्द्वानी, रानीखेत, बागेश्वर, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, पौड़ी, रूड़की एवं देहरादून में स्थित हैं। इन क्षेत्रीय केन्द्रों का संचालन इसके अन्तर्गत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से होता है। विद्यार्थी का नामांकन किसी अध्ययन केन्द्र पर होता है, और इस तरह वह क्षेत्रीय केंद्र तथा विश्वविद्यालय का एक भाग बनता है। विश्वविद्यालय छात्रों के लिए अध्ययन सामग्री क्षेत्रीय केंद्रो तथा अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराता है। इस प्रकार विश्वविद्यालय छात्र हित को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त लचीलेपन की पद्धति का अनुसरण करता है।

- **परामर्श (Counselling)**

मुक्त विश्वविद्यालय की भिन्न शिक्षण-पद्धति के कारण परामर्श प्रक्रिया इसकी मुख्य आकादमिक गतिविधि है। परामर्श कक्षा-शिक्षण का विकल्प नहीं है, अपितु कक्षा-शिक्षण के आगे की प्रक्रिया है। मुक्त अध्ययन पद्धति यह स्वीकार करती है कि छात्र ने स्व-अध्ययन सामग्री का अध्ययन कर विषय को समझ लिया है

तथा विषय की समझ को उसके अंतिम रूप, क्रियात्मकता तक अब 'परामर्श सत्रों' का आयोजन कर लाया जाता है। परामर्श सत्र मुख्यत: अध्यापक और छात्र के मध्य क्रियात्मक-संवाद है। यानी किसी विषय की सैद्धान्तिक अवधारणा की समझ के पश्चात् उस विषय के क्रियात्मक रूपों के अनुशासन का नाम ही परामर्श सत्र या परामर्श कक्षायें हैं। परामर्श सत्र सैद्धान्तिक अधिगम की व्यावहारिक उपस्थापना है।

परामर्श सत्र का छायाचित्र

परामर्श कक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्यालय, क्षेत्रीय एवं अध्ययन केन्द्रों पर किया जाता है। क्षेत्रीय केंद्रो एवं अध्ययन केन्द्रों पर शनिवार एवं रविवार के दिन परामर्श सत्र का आयोजन किया जाता है, जब कि विश्वविद्यालय अपने मुख्यालय पर प्रतिदिन छात्रों के लिए परामर्श कक्षायें चलाता है। शनिवार एवं रविवार के दिन परामर्श सत्रों के आयोजन के पीछे मुख्य ध्येय यह है कि अवकाश के दिनों में व्यवसायरत, कार्यरत एवं गृहणियाँ भी इस सत्र का लाभ उठा सकती हैं। समय-समय पर आयोजित परामर्श–सत्रों की सूचना उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के बेवसाइट, क्षेत्रीय एवं अध्ययन केंद्रो कार्यालय के सूचना पट्ट एवं समन्वयकों तथा समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाती है। इस प्रकार परामर्श सत्र का आयोजन उन लोगों के लिए भी लाभप्रद है, जो अपनी व्यावसायिक एवं घरेलू व्यस्तता के कारण स्व-अध्ययन सामग्री के माध्यम से विषय का समुचित ज्ञान नहीं प्राप्त कर पाते हैं।

❖ मूल्यांकन प्रक्रिया और सुधार (Evaluation Process and Improvement)

- **परीक्षा (Exam)**

परीक्षा विद्यार्थी के स्व-अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन चरण है। किसी छात्र ने अपने विषय को किस रूप में ग्रहण किया है तथा उसकी अभिव्यक्ति कैसी है, इस तथ्य का परीक्षा के माध्यम से ही मूल्यांकन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा को पारदर्शी ढंग से निष्पादित करने की व्यवस्था की है।

पात्रता एवं अनिवार्यता

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने विश्वविद्यालय में विधिवत् प्रवेश लिया हो, विश्वविद्यालय में नामांकन कराया हो, पंजीकृत हो तथा जिसने सत्रीय कार्य पूर्ण कर जमा कर दिया हो और विश्वविद्यालय का शिक्षण शुल्क तथा परीक्षा शुल्क जमा किया हो, वह परीक्षा में सम्मिलित होने का पात्र होगा। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उन समस्त विषयों की परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा जो उस पाठ्यक्रम के लिए वर्ष विशेष में उसके द्वारा चयनित किये गये हों। यदि कोई छात्र किसी परीक्षा अथवा किसी विषय की परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है, तो उसे उस विषय की परीक्षा अथवा सम्पूर्ण परीक्षा (यथा स्थिति) में अनुपस्थित माना जाएगा। यदि छात्र पूरी परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे सम्बन्धित कक्षा के लिए पुन: पंजीकरण नहीं करवाना होगा और न ही प्रवेश सम्बन्धी शुल्क का भुगतान करना होगा। छात्र को केवल उस वर्ष के लिए रूपये – 200 /- प्रति प्रश्न पत्र बैक परीक्षा शुल्क के साथ बैंक फॉर्म भर के परीक्षा हेतु आवेदन करना होगा, साथ ही वह अगले वर्ष की परीक्षा हेतु आवेदन कर सकता है। परीक्षार्थी के पास विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र जिसमें छात्र की फोटो लगी हो, अवश्य होनी चाहिए। परीक्षार्थी के पास अपना पहचान-पत्र (वोटर आई.डी., लाइसेंस, पैन कार्ड आदि) होना चाहिए।

• 2018-19 में विभिन्न परीक्षाओं हेतु अंकों का निर्धारण

(क) ऐसे विषय जिनमें प्रयोगात्मक कार्य न हों-

1. सत्रीय कार्य- 20% अंक
2. लिखित परीक्षा- 80% अंक

(ख) ऐसे विषय जिनमें प्रयोगात्मक कार्य होते हैं-

1. सत्रीय कार्य 30% अंक
2. प्रयोगात्मक कार्य 15% अंक
3. लिखित परीक्षा 55% अंक

(ग) पूर्णरूपेण मौखिक परीक्षा अथवा परियोजना कार्य 100 अंक अथवा सम्बन्धित विभाग द्वारा निर्धारित व्यवस्था।

(घ) जिन पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा उनमें सन्तोषजनक अथवा असन्तोषजनक के रूप में मूल्यांकन कार्य किया जाएगा।

• सत्रीय कार्य –

सत्रीय कार्य परीक्षा-मूल्यांकन का ही प्राथमिक चरण है। सत्रीय कार्य की परिकल्पना यह है कि इस मूल्यांकन के कारण छात्र की चिन्तन शक्ति का विकास हो तथा उसके स्व-अध्ययन सामग्री का प्रायोगिक, व्यावहारिक रूप सामने आ सके। अर्थात् छात्र द्वारा सीखे गये विषय का स्वरूप स्पष्ट हो सकें। सत्रीय कार्य छात्रों की मूल्यांकन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए यह अनिवार्य है कि छात्र निर्धारित शुल्क सीमा एवं निर्धारित समयावधि के भीतर ही इसे अध्ययन केंद्र में जमा कर दें। यदि कोई छात्र अन्तिम तिथि के उपरान्त सत्रीय कार्य जमा करता है तो उसे रू. 100 प्रति सत्रीय कार्य की दर से जमा करना होगा।

• अंक निर्धारण –

विभिन्न परीक्षाओं हेतु अंको का निर्धारण अलग-अलग हैं। जैसे उन विषयों में, जिनमें प्रयोगात्मक कार्य न हो, उनमें सत्रीय कार्य के लिए 20 अंक तथा लिखित परीक्षा के लिए 80 अंक रखे गये हैं। किन्तु जिन विषयों में

प्रयोगात्मक कार्य होते हैं, उनमें सत्रीय कार्य 40 अंको का प्रयोगात्मक कार्य 15 अंकों का तथा लिखित परीक्षा 45 अंकों के मध्य विभाजित होती है। यह प्रणाली पूर्णरूपेण विभाग द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सुनिश्चित की जाती है।

• परीक्षा में उत्तीर्ण होने के मापदण्ड -

प्रत्येक वर्ष में पंजीकृत छात्र द्वारा उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक (सत्रीय कार्य, प्रयोगात्मक परीक्षा, मौखिक परीक्षा, परियोजना कार्य एवं लिखित परीक्षा में पृथक-पृथक) प्राप्त करना आवश्यक है। यदि कोई छात्र किसी विषय में उपर्युक्त विधि से निर्धारित अंक नहीं प्राप्त करता है तो उसे उस विषय में अनुत्तीर्ण माना जाएगा। अनुत्तीर्ण छात्र को उस विषय में उत्तीर्ण होने के लिए पुन: परीक्षा देनी होगी। परन्तु किसी विषय में अनुत्तीर्ण छात्र उस पाठ्यक्रम की परीक्षा अगले वर्ष की परीक्षा के साथ दे सकता है।

• परीक्षा केन्द्र परिवर्तन, शुल्क भुगतान एवं सुधार परीक्षा

छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की सुविधा प्रदान की है। किसी भी अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र में परिर्वतन हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/- का भुगतान करना होगा। किसी भी प्रकार का प्रवेश अथवा परीक्षा शुल्क नकद रूप में मान्य नहीं है। सभी प्रकार के शुल्क का भुगतान बैंक चालान के माध्यम से अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार करना अनिवार्य होगा।

उत्तीर्ण होने के पश्चात् यदि कोई विद्यार्थी स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा मे प्राप्त अंको में सुधार करने की इच्छा रखता है तो वहाँ रू0 200/- प्रति प्रश्न पत्र की दर से शुल्क का भुगतान कर सुधार परीक्षा दे सकता है। यह सुविधा विद्यार्थी को अपने चयनित पाठ्यक्रम के अधिक से अधिक सभी विषयों की आधी संख्या के बराबर विषयों में ही उपलब्ध होगी, किन्तु जो भी विषय चयनित किए जायेंगे उनके सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा देनी होगी। स्नातकोत्तर /डिप्लोमा/प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में भी सुधार परीक्षा अधिकतम कुल प्रश्न पत्रों की आधी संख्या के लिए अनुमन्य होगी। यथा 5 या 6 प्रश्न पत्रों में अधिकतम 3 प्रश्न पत्र, 3 या 4 प्रश्न पत्रों में अधिकतम 2 प्रश्न पत्र। कोई भी परीक्षार्थी जिन विषयों में अनुत्तीर्ण हो, उन विषयों में वह सुधार परीक्षा दे सकता है । सुधार परीक्षा हेतु प्रति प्रश्न–पत्र रू. 200/- की दर से शुल्क का भुगतान करना होगा। सुधार परीक्षा में निर्धारित प्राप्तांक प्राप्त करने पर विद्यार्थी को उस वर्ष के लिए उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा।

• श्रेणी –

परीक्षा परिणाम की निम्न तीन उत्तीर्ण श्रेणियाँ होंगी :

A) स्नातक स्तर (Graduation Level):

प्रथम श्रेणी	60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक	First Division	60% or more
द्वितीय श्रेणी	60 प्रतिशत से कम तथा 45 प्रतिशत तक	Second Division	Less than 60% and upto 45%
तृतीय श्रेणी	45 प्रतिशत से कम तथा 35 प्रतिशत तक	Third Division	Less than 45% and upto 35%

B) परास्नातक स्तर (Post Graduation Level):

प्रथम श्रेणी	60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक	First Division	60% or more
द्वितीय श्रेणी	60 प्रतिशत से कम तथा 48 प्रतिशत तक	Second Division	Less than 60% and upto 48%
तृतीय श्रेणी	48 प्रतिशत से कम तथा 35 प्रतिशत तक	Third Division	Less than 48% and upto 35%

- **बैक पेपर की सुविधा (Back Paper Facility)**

विद्यार्थी यदि अपने चयनित पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण होता है तो रू. 200 /- प्रति प्रश्न की दर से शुल्क का भुगतान कर पुन: परीक्षा दे सकता है। विद्यार्थी को यह सुविधा उन सभी विषयों में देय होगी जिनमें वह अनुत्तीर्ण है। यह सुविधा पाठ्यक्रम के अध्ययन हेतु निर्धारित अधिकतम समय सीमा तक देय होगी। बैक पेपर व सुधार परीक्षाएँ मुख्य परीक्षा के साथ ही आयोजित की जाती हैं।

❖ चतुर्थ दीक्षान्त समारोह (Fourth Convocation Ceremony)

दिनांक 27 नवम्बर 2018 को विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। दीक्षान्त समारोह में माननीय श्री राज्यपाल द्वारा दीक्षान्त भाषण दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मन्त्री उपस्थित रहे। समारोह में वर्ष 2016-17 के पीएच.डी, स्नातक, परास्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा के 2,256 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को माननीय कुलाधिपति महोदया डॉ. बेबी रानी मौर्य द्वारा उपाधि प्रदान की गयी।

चतुर्थ दीक्षान्त समारोह का छायाचित्र

दीक्षान्त समारोह के पूर्व दिवस पर विश्वविद्यालय में कार्य परिषद एवं विद्या परिषद की बैठकें भी सम्पन्न हुई, इसमें दीक्षान्त समारोह में वितरित की जाने वाली उपाधियों, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्रों को परिषदों ने अनुमोदित किया। कुलपति प्रोफेसर डी.के. नौड़ियाल के निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षान्त समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशक, कार्यपरिषद एवं विद्यापरिषद के सदस्य उपस्थिति रहें।

पीएच.डी की उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थियों की सूची –

क्रम संख्या	विद्यार्थी का नाम	विभाग का नाम
1.	रितु नौटियाल	शिक्षक शिक्षा विभाग
2.	ममता कुमारी	,,
3.	विपिन चन्द्र	पत्रकारिता
4.	आरती भट्ट	,,
5.	शिव प्रसाद जोशी	,,
6.	दिनेश चन्द्र कर्नाटक	हिन्दी
7.	दीपक चन्द्र	समाजशास्त्र

❖ प्रशिक्षण और प्लेसमेन्ट प्रकोष्ठ (Training and Placement Cell)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा अपने छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु एक प्लेसमेन्ट प्रकोष्ठ का निर्माण किया गया है। इस प्रकोष्ठ में छात्रों का विस्तृत डाटाबेस रखा गया है। प्रकोष्ठ नौकरियों की रिक्तियों की सूचना के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनो के एच.आर. हेड्स के सम्पर्क में रहता है।

इस दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा 'प्लेसमेन्ट प्रकोष्ठ' नामक एक पोर्टल निर्मित किया गया है, जिसके माध्यम से छात्रों को उनके कैरियर सम्बन्धित विभिन्न जानकारी प्रदान की जाती है। छात्र इस पोर्टल से जुड़कर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के बारे में जानकारी ले सकते है। इस प्रकोष्ठ को पुरा छात्र प्रकोष्ठ से भी जोड़ा गया है। विश्वविद्यालय के प्रबन्ध विषय में 150 से अधिक शिक्षार्थी जिन्होंने अपनी शिक्षा पूरी कर ली है वो विभिन्न क्षेत्रों में (यथा – प्रशासनिक, बैंकिग, अध्यापन, निजी क्षेत्र, वित्तीय क्षेत्र आदि) कार्यरत हैं, जो विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसी प्रकार पर्यटन, होटल प्रबन्ध, कला, सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर तथा विज्ञान आदि विषयों के शिक्षार्थी भी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पाकर अपनी- अपनी सेवायें दे रहे हैं। भविष्य में प्रकोष्ठ द्वारा जॉब फेयर आयोजित करने की योजना है।

❖ विश्वविद्यालय की संदृष्टि (Vision of University):

"ज्ञान के इस युग में उच्च-शिक्षा को विकास का सशक्त माध्यम बनाने के लिए ज्ञान का सृजन कर उत्तरा -खण्ड के लोगों, विशेषकर युवाओं तथा शिक्षा से वंचित एवं रोजगार में संलग्न व्यक्तियों को मूल्य-आधारित गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा के सुविधाजनक एवं सर्वसुलभ अवसर उपलब्ध कराते हुए उन्हें जीवन पर्यन्त अध्ययन के लिए प्रेरित करना तथा स्व-रोजगार, रोजगार एवं अन्य कौशलों में दक्ष बनाना जिससे कि वे प्रदेश, देश व सम्पूर्ण मानवता की उपयुक्त सेवा कर सकें।

❖ विश्वविद्यालयीय सहभागी स्वरूप एवं विकेन्द्रीकरण (Participative Decision Process and Decentralization)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय सहभागी स्वरूप की पद्धति पर कार्य करता है। किसी भी पाठ्यक्रम या योजना को वह विभिन्न स्रोतों के माध्यम से लागू करता है। प्राध्यापक अपने निदेशक से तथा निदेशक कुलपति के माध्यम से किसी निर्णय का निस्तारण करते हैं। इस प्रकार कार्यों में केन्द्रीयता और विकेन्द्रीयता दोनों रहती है। विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभाग विकेन्द्रीकृत हैं। जैसे प्रादेशिक सेवाएँ, प्रवेश अनुभाग, शोध एवं नवाचार, अकादमिक अनुभाग, पुस्तक वितरण अनुभाग, आईसीटी अनुभाग ये सभी मिलकर सहभागी रूप में कार्य करते हैं। इन विभागों के स्वतन्त्र रूप से प्रभारी हैं और वे इसका संयोजन करते हैं। इसी प्रकार दीक्षान्त समारोह या अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों में परस्पर सहभागी रूप में विश्वविद्यालय के सदस्य कार्य करते हैं। प्रशासन के स्तर पर विकेन्द्रीकरण का उदाहरण है – कुलपति के कार्यों का विभिन्न अकादमिक व्यक्तियों में वितरण। इस समय ओएसडी सामान्य, ओएसडी क्रय एवं मुद्रण, ओएसडी अनुरक्षण तथा ओएसडी पुस्तकालय के रूप में प्रशासन का विकेन्द्रीकरण हुआ है। विश्वविद्यालय की नीति लोकतान्त्रिक है।

❖ भविष्य की योजनायें (Perspective plans)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्विद्यालय में भविष्य की योजनाओं के अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम इस विश्वविद्यालय को 12 (बी) तथा राष्ट्रिय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा ग्रेड प्राप्त कराया जाना है, जिससे यह मुख्य धारा में सीधे रूप से जुड़ सकें और इसका सर्वतोमुखी विकास हो सके। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालयीय परिसर का भी विस्तार कराया जाना, अकादमिक एवं गैर अकादमिक कार्मिकों की नियुक्तियाँ, जन-जन तक शिक्षा को पहुँचाने हेतु कार्य करना, इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना आदि ये समस्त कार्य भविष्य की भावी योजनाओं में निहित है।

❖ छात्र शिकायत एवं निवारण पोर्टल (Students' Greivances and Solution Portal)-

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र से तकनीकी माध्यम का उपयोग करते हुए छात्र हित में एक **'सपोर्ट टिकट पोर्टल'** का निर्माण किया गया है। इसके माध्यम से कोई भी छात्र अपनी समस्या को ऑनलाइन प्रेषित कर सकता है। छात्र द्वारा जब ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जाती है, उसी समय उसे एक टिकट नम्बर भी प्राप्त हो जाता है। उस नम्बर के आधार पर वह अपनी शिकायत का निवारण कभी भी कर सकता है।

समस्या के निवारण सम्बन्धित विभाग द्वारा किया जाता है। विश्वविद्यालय में यह सुविधा आइसीटी अनुभाग द्वारा निर्मित की गई है।

❖ सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों का प्रबन्ध एवं संचालन (Management and monitoring of affiliated centres (Regional and study centres)

विश्वविद्यालय में सम्बद्ध अध्ययन केन्द्रों का संचालन आरएसडी अनुभाग द्वारा किया जाता है।

- पूर्व में स्थापित 18 अध्ययन केन्द्रों को उनके कार्यकाल पूर्ण होने के उपरान्त उन्हें नवीनीकरण की प्रक्रिया के दौरान असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण बन्द कर दिया गया।
- वर्तमान में 88 अध्ययन केन्द्र संचालित हैं। (परिशिष्ट XIV का अवलोकन करें)
- अध्ययन केन्द्रों को शैक्षिक सत्र 2018-19 ग्रीष्म के शुल्क अंश की प्रथम एवं द्वितीय किश्तों का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जा चुका है।
- निदेशालय के समस्त दैनिक कार्यों का सम्पादन यथा माँग के आधार पर विद्यार्थियों के प्रवेश व अध्ययन केन्द्र परिवर्तन, प्राप्त डाक का निस्तारण कार्य, अध्ययन केन्द्रों/ पाठ्यक्रमों को ऑन लाइन अपडेट करना, आवश्यकतानुसार अन्य विभागों द्वारा सौंपे गये कार्यों का सम्पादन करना, क्षेत्रीय केन्द्रों, अध्ययन केन्द्रों व विद्यार्थियों से सम्पर्क करना आदि।

❖ अकादमिक संपरीक्षा (Academic Audit)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्याल के अकादमिक संपरीक्षा की प्रक्रिया समय- समय पर सम्पन्न होती रही है। विश्वविद्यालय का अकादमिक निदेशालय इस कार्य को तत्परतापूर्वक करता रहा है। अकादमिक संपरीक्षा के अन्तर्गत सत्र 2018-19 के बीच हुए प्रमुख कार्यों का मूल्यांकन विवेचन है। इस बीच विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम की गुणवत्ता की जाँच, नए पाठ्यक्रम के प्रारम्भ की आवश्यकता एवं उनके महत्व निर्धारण, संगोष्ठी कार्यशालाओं में भागीदारी –आयोजन का मूल्यांकन करना तथा शिक्षकों के अकादमिक उन्नयन की गतिविधियों की जाँच का कार्य किया गया। विश्वविद्यालय में शीघ्र ही आईक्यूएसी (आंतिरक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ) का गठन किया जायेगा, जिससे अकादमिक संपरीक्षा और व्यवस्थित रूप में सम्पन्न हो सके। सम्प्रति विश्वविद्यालय के निदेशक, अकादमिक, प्रोफेसर आर.सी.मिश्रा के निर्देशन में अकादमिक संपरीक्षा का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

❖ विश्वविद्यालय सहायता प्रणाली (University Support System)

विश्वविद्यालय का अपना एक शिक्षार्थी Support system है, जिसके द्वारा शिक्षार्थी अपनी समस्या विश्वविद्यालय से सम्बन्धित व्यक्ति तक पहुँचा सकता है। यह एक ऑनलाइन प्रक्रिया है। शिक्षार्थी सपोर्ट सिस्टम का उद्देश्य है - विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों या जुड़ने वाले छात्रों की समस्या का समाधान तकनीकी माध्यम से करना। अत: युगानुरूप शिक्षार्थियों के समस्या समाधानार्थ यह एक सुलभ साधन है ।इसके अतिरिक्त शिक्षार्थी

प्रवेश या परीक्षा से सम्बन्धित कोई भी समस्या सीधे दूरभाष द्वारा बता सकता है साथ ही उसका समाधान भी प्राप्त कर सकते है।

❖ विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन (Financial Management of University)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में बजटीय नियन्त्रण प्रणाली का पालन किया जाता है जिसके द्वारा विश्वविद्यालय का बजट तैयार किया जाता है। विश्वविद्यालय का वार्षिक बजट आगामी वर्ष के पहले ही तैयार कर लिया जाता है।

विश्वविद्यालय को शुल्क राशि (Fee-Fund) से आय प्राप्त होती है तथा राज्य सरकार द्वारा राज्य-अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। जहाँ तक वित्तीय संसाधनों का सम्बन्ध है, विश्वविद्यालय सभी अनुदान/ निधि का कुशलता से उपयोग करता है।

लेखा के ऑडिट के लिये माननीय कुलपति महोदय द्वारा एक चॉर्टड एकाउन्टेन्ट को बाहरी ऑडिटर के रूप में नियुक्त किया जाता है। यह चार्टड एकाउन्टेन्ट प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अन्त में लेखा की ऑडिट रिपोर्ट तैयार करता है। (देखें ... परिशिष्ट II)

❖ अध्ययन परिषद/ विशेषज्ञ समिति की बैठक के महत्वपूर्ण बिन्दु

क्रम संख्या	विभाग	तिथि	अध्ययन परिषद/ विशेषज्ञ समिति
1.	गृह विज्ञान	21 अप्रैल 2018	आहार एवं पोषण में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आरम्भ करने तथा जन स्वास्थ्य एवं सामुदायिक पोषण में डिप्लोमा उपाधि में परियोजना कार्य प्रारम्भ किए जाने हेतु संस्तुति दी गयी।
2.	कम्प्यूटर साइंस	14 सितम्बर 2018	एमएससी साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम में संशोधन की संस्तुति दी गयी।
3.	पत्रकारिता एवं जनसंचार	25 जनवरी 2019	PG डिप्लोमा में लघु शोध प्रबन्ध की जगह एक मास की इंटर्नशिप पर विचार तथा एम.ए. पाठ्यक्रमों के चौथे सेमेस्टर में लघु शोध प्रबन्ध के विस्तार किये जाने की संस्तुति दी गयी।

डिजिटल प्रथायें (DEGITAL PRACTICES)

छात्रहित में विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल का उद्देश्य पाठ्यसामग्री को विश्वविद्यालय की वेबसाइट E-Learning.uou.ac.in पर अपलोड करना है। इसका मुख्य उद्देश्य उन छात्रों को सही समय पर पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराना हैं, जिनकी पाठ्यसामग्री कई कारणों से विलम्ब से प्राप्त होती है। इस पोर्टल के माध्यम से अध्ययन सामग्री अपलोड कर दी गयी है, जिससे छात्र प्रवेश के साथ ही अध्ययन सामग्री का पाठ कर सके। यह पोर्टल छात्रों को अध्ययन सामग्री तत्काल उपलब्ध कराता है। इसमें अभी 22 पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री उपलब्ध है। इस पोर्टल को विगत तीन महीनों में लगभग 11,000 छात्रों ने देखा है। जो विद्यार्थी उक्त पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड कर इ- बुक्स का उपयोग करेगा तथा पुस्तक की माँग नहीं करेगा, उसे शुल्क में 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वर्तमान में यह सुविधा साइबर सिक्योरिटी, एम.जी.आई.एस तथा योग के कोर्स में उपलब्ध हैं।

माननीय वित्त मंत्री द्वारा योग के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

योग विभाग द्वारा अप्रैल माह में योग विषय की 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन सत्र में दिनांक 12 अप्रेल को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट व संसदीय कार्य मंत्री, वित्त मंत्री, मनोरंजन कर, आबकारी, पेयजल व स्वछता मंत्री श्री प्रकाश पन्त जी ने प्रतिभाग किया तथा अपने आशीर्वचन विद्यार्थियों को दिये। श्री प्रकाश पंत जी ने योग की विभिन्न पक्षो जिसमें ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग तथा हठयोग पर प्रकाश डाला तथा योग के दार्शनिक तथा वैज्ञानिक पक्षों से कार्यशाला में आये प्रतिभागियो को अवगत कराया।

माननीय वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड श्री प्रकाश पंत जी योग कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए।

कार्यशाला के दौरान कुमाऊँ मण्डल विकास निगम, पिथौरागढ़ के प्रबन्धक श्री दिनेश गुरूरानी के आग्रह पर सामुहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा शहीद स्मारक में एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम किया तथा सैकडों की संख्या में विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय के प्रशिक्षकों ने प्रतिभाग किया तथा साथ सभी प्रतिभागियो को हिमालय बचाओ की शपथ दिलाई गयी। इस कार्यक्रम उपरान्त

सामुहिक स्वस्छता का कार्यक्रम भी किया गया।

माननीय वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड श्री प्रकाश पंत जी योग विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए।

योग विभाग द्वारा अप्रैल माह में योग विषय की 10 दिवसीय कार्यशालायें एवं प्रयोगात्मक परीक्षा निम्नानुसार सम्पन्न की गयी।

क्रम संख्या	विषय	कार्यशाला का स्थान	दिनांक	कुल विद्यार्थी
1	एम0ए0 योग प्रथम वर्ष	केयर कम्प्यूटर, पिथौरागढ़ सभागार-1	03 अप्रैल 2018 से 12 अप्रैल 2018 प्रयोगात्मक परीक्षा 13 अप्रैल 2018	76
2 +	एम0ए0 योग द्वितीय वर्ष	केयर कम्प्यूटर, पिथौरागढ़। सभागार-2	03 अप्रैल 2018 से 12 अप्रैल 2018 प्रयोगात्मक परीक्षा 13 अप्रैल 2018	55

उपर्युक्त कार्यशालाओं में 10 दिन तक प्रतिदिन विविध प्रयोगात्मक एवं तकनीकी सत्रों का लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हुवा। प्रयोगात्मक सत्रों में विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक श्री ललित मोहन के नेतृत्व तथा कार्यक्रम संयोजक डा0 भानु जोशी के निर्देशन में प्रात:काल कुल 06 महिला एवं पुरूष योग प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रतिदिन योगिक षटकर्म, सूक्ष्म व्यायाम , आसन, प्राणायाम ,मुद्रा, बन्धों तथा ध्यान का अभ्यास शिक्षार्थियों को कराया गया ।सायंकाल प्रयोगात्मक परीक्षा की दृष्टि से विद्यार्थियों को कठिन आसन भी करायें गये । प्रतिदिन 2 तकनीकी सत्र विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए रखे गये जिसमे योग के विविध सैद्धान्तिक पक्षों की जानकारी अलग-अलग विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की गई। तकनीकी सत्रों में डा० अमृत लाल गुरूर्वेद्र, एसो0 प्रोफेसर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय ,हरिद्वार, डा० कंचन जोशी योग विभाग खटीमा डिग्री

कालेज , श्रीमती ममता पंत योग विभाग राज0 एम0 बी0 पी0 जी0 कालेज, हल्द्वानी, डा0 विपिन चन्द्र जोशी असि0 प्रोफेसर राजकीय डिग्री कालेज पिथौरागढ़ , डा0 मन्जु बोरा, राजकीय डिग्री कालेज बागेश्वर, डा० नबीन चन्द्र भटट् एस0 एस0 जे0 परिसर अल्मोडा तथा कार्यक्रम संयोजक योग विभाग डा0 भानु प्रकाश जोशी जी ने समय–समय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम संयोजक तथा विभागाध्यक्ष डा० भानु प्रकाश जोशी जी ने विश्वविद्यालय द्वारा दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य तथा योग विभाग की कार्यशालाओं की गतिविधि तथा कार्यशाला की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में राजकीय डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य डा० डी०एस० पांगती, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह रावत जी तथा रिटा० ब्यूरो चीफ अमर उजाला श्री उप्रेती जी, कुमॉऊ मण्डन विकास निगम, पिथौरागढ़ के प्रबन्धक श्री दिनेश गुरूरानी जी ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय निदेशक पिथौरागढ़ डा0 विपिन चन्द्र जोशी ने किया।

विश्वविद्यालय द्वारा निजी एवं पब्लिक स्कूलों के विद्यार्थियों हेतु निशुल्क साईबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम

Welham Girls School, Dehradun की प्रिंसिपल Mrs. Padmini Sambasivam के अनुरोध पर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 24 अप्रैल 2018 को Digital Educational Resources and Cyber Awareness विषय पर ऑनलाइन कोर्स संचालित किया।

कोर्स में 80 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कोर्स को MOODLE प्लेटफार्म पर विकसित किया गया है। किसी भी कोर्स के दौरान किसी भी शंका के समाधान हेतु विद्यार्थी discussion forum एवं chat के सुविधा का उपयोग करके subject matter expert से अपनी शंकाओं का समाधान पा सकता है।

दिव्यांग बच्चों का व्यक्तिगत विकास

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के विशिष्ट शिक्षा विभाग द्वारा 2 अप्रैल 2018 को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन हल्द्वानी क्षेत्र में दिव्यांग बच्चों के माता-पिता द्वारा संचालित संस्थान रोशनी सोसाइटी के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर, हल्द्वानी में किया गया| विशिष्ट शिक्षा विभाग के समन्वयक डॉ. सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों से सम्बंधित भ्रांतियों का निराकरण एवं अभिभावकों को ऑटिज्म के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रो. नागेश्वर राव द्वारा रोशनी सोसाइटी में अध्ययनरत ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में आये अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत विशिष्ट शिक्षा विभाग की सदस्या डॉ कल्पना पाटनी लखेड़ा द्वारा किया गया| मुख्य वक्ता एवं ऑटिज्म एक्सपर्ट श्रीमती विनीता वर्मा ने ऑटिज्म के कारण व इसके प्रकार और निराकरण के विषय में बताया|उन्होंने बताया संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा 2 अप्रैल को विश्व आत्मकेंद्रित (ऑटिज्म) जागरूकता दिवस का दिवस निश्चित किया गया है। इस दिवस के दिन नीले रंग को इसके प्रतीक के रूप में मान्यता प्रदान की गयी।

विश्वऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर ऑटिस्टिक (दिव्यांग) विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति

विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रो. नागेश्वर राव द्वारा अपने उद्बोधन में ऑटिज्म के प्रति अभिभावकों को और जागरूक होने की आवश्यकता पर बल दिया| अभिभावकों के प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुमति प्राप्त होने पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय नवीन सत्र से बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) के पाठ्यक्रम के सञ्चालन की बात कही| साथ ही बच्चों द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों की सराहना की गयी| कुलसचिव प्रो. आर.सी.मिश्र ने बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए इस प्रकार के दिवस की जानकारी सबको मिले इसके लिए बड़े स्तर पर इस दिवस को मनाने पर बल दिया| शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा के निदेशक प्रो. एच.पी. शुक्ल द्वारा अपने उद्बोधन में ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों की देख रेख एवं शिक्षा को लेकर समाज में और जागरूकता लाने पर बल दिया| अभिभावकों गोविन्द मेहरा एवं ललित शाह द्वारा ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों के पालन पोषण एवं उनकी शिक्षा के सम्बन्ध में आने वाली समस्याओं एवं उनके निराकरण के सम्बन्ध में सुझाव दिए|

नवीन सत्र प्रारंभ होने एवं प्रवेशोत्सव के उपलक्ष्य पर नए स्कूल बैग एवं पुस्तके वितरित करते कुलपति

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रो. नागेश्वर राव, कुलसचिव प्रो. आर.सी.मिश्र एवं निदेशक प्रो. एच.पी. शुक्ल द्वारा रोशनी सोसाइटी के बच्चों को उनके विद्यालय का नवीन सत्र प्रारंभ होने एवं प्रवेशोत्सव के उपलक्ष्य पर नए स्कूल बैग एवं पुस्तके वितरित की गयी| कार्यक्रम में ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी जिसमे अदित्य एवं आभास द्वारा स्वागत गीत पर नृत्य, ऋचा द्वारा गायन एवं अन्य बच्चों द्वारा समूह गायन की प्रस्तुति दी गयी| श्रीमती आभा गर्खाल द्वारा माँ एवं पुत्र के स्नेह के ऊपर एक कविता पाठ किया गया|

अभिभावकों एव विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति

रोशनी सोसाइटी की चेयरमेन श्रीमती शिवानी पाल द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा किये गए प्रयासों का आभार प्रकट किया गया| कार्यक्रम का सञ्चालन विशिष्ट शिक्षा विभाग के समन्वयक डॉ सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल द्वारा किया गया| कार्यक्रम में कैलाश जोशी, डॉ राजेन्द्र कैडा, योगेश गुरुरानी, पंकज, राजेश आर्य, पूजा जुयाल, सुनीता भट्ट समेत ऑटिज्म से ग्रसित बच्चे एवं उनके अभिभावक सहित विश्वविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे|

उच्च शिक्षा का पर्वतीय क्षेत्रों में प्रसार

विश्वविद्यालय द्वारा 'दूरस्थ शिक्षा संवर्द्धन प्रकोष्ठ' के अन्तर्गत राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों पौड़ी, उत्तरकाशी, रानीखेत, पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर तथा विभिन्न दुर्गम स्थानों पर प्रचार-प्रसार किया गया तथा छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। कुमाँऊ तथा गढ़वाल क्षेत्र के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा की जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके फलस्वरूप शीतकालीन सत्र 2018-18 तक विश्वविद्यालय के पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित 05 क्षेत्रीय केन्द्रों पौड़ी, उत्तरकाशी, रानीखेत, पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर में प्रवेशार्थियों का विवरण निम्नलिखित है-

स्थान	शीतकालीन सत्र 2018-18
पौड़ी	918
उत्तरकाशी	801
पिथौरागढ़	423
रानीखेत	823
बागेश्वर	221
कुल	3,186

इसी क्रम में विश्वविद्यालय की पहुँच राज्य के दुर्गम पवर्तीय क्षेत्रों तक बनाने तथा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों से युवाओं को परिचित किये जाने के उद्देश्य से प्रो0 गिरिजा पाण्डे, निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा दिनांक 25–28 अप्रैल, 2018 के मध्य अल्मोड़ा जनपद के धौलादेवी व भैंसियाछाना ब्लॉक (स्थित, तल्ला सेरागढ़), तल्ली नाली, द्योली बगड़, बड़ी, (धूराटाक), बिबड़ी, (सेरागढ़) चिमखोली (कुन्तोला) आरागढ़ (सलपड़) पनार, गंगोलीहाट तहसील के रस्यूना बुरशुम, डिम्टें, तथा पिथौरागढ़ जनपद के विण ब्लॉक के बौतड़ी, उपरतोली, भल्या तथा खड़कू आदि ग्रामों का सर्वेक्षण किया गया।

राष्ट्रीय अकादमिक डिपॉजिटरी (NAD) पोर्टल

विश्वविद्यालय द्वारा उपाधियों की प्रविष्ठि व सत्यापन हेतु राष्ट्रीय अकादमिक डिपॉजिटरी(NAD) पोर्टल में Maker व Checker का निर्माण किया जा चुका है। राष्ट्रीय अकादमिक डिपॉजिटरी (NAD) पोर्टल पर कार्य करने से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु राष्ट्रीय अकादमिक डिपॉजिटरी (NAD) के कार्मिकों के साथ प्रदर्शन व्याख्यान (Demo Lecture) भी किया गया। सभी उपाधियों को डिजिटल हस्ताक्षरित करने के लिए डिजिटल हस्ताक्षर बनाने की प्रक्रिया अन्तिम चरण में है।

समस्त उपाधियों तथा प्रमाणपत्रों को राष्ट्रीय अकादमिक डिपॉजिटरी (NAD) पोर्टल में उपलब्ध किए जाने हेतु सॉफ्ट कॉपी (PDF) मे परिवर्तित कराया जा चुका है, जिसमें कि कुलपति महोदय तथा परीक्षा नियंत्रक के हस्ताक्षर भी सम्मिलित हैं।

पत्रकारिता पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

परिसर देहरादून में 10 अप्रैल 2018 से 12 अप्रैल 2018 तक पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें बडी संख्या में छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो0 लालबहादुर वर्मा जी ने किया। कार्यशाला को दून विश्वविद्यालय के प्रो0 राजेश कुमार, इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की डॉ0 भूमिका चंदोला तथा भूपेन सिंह ने भी संबोधित किया।

पीएच.डी. पाठ्यक्रम (प्रवेश परीक्षा)

विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2018 के लिए पीएच.डी. पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा यू.जी.सी नेट 2016 के प्रावधनों के अनुरूप कराये जाने हेतु हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, समाज कार्य, होटल प्रबन्धन, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वानिकी, वाणिज्य, प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, पर्यटन प्रबन्ध, हॉर्टिकल्चर, कम्प्यूटर कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स, योग, मनोविज्ञान, ज्योतिष । विषयों कीं 87 सीटों के लिए विज्ञापन दिनांक 20/04/2018 को दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। पीएच.डी. पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन मांगे गये है। आनलाईन आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि 21 मई 2018 है।

विश्वविद्यालय पीएच.डी. पाठ्यक्रम में जमा शोध ग्रन्थों को आनलाईन करने के लिए यू.जी.सी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में इन्फिलबनेट (Infilbnet) के सक्षम अधिकारियों से वार्ता करने के उपरान्त एम.ओ. यू. हस्ताक्षरित किया गया है। शोधार्थियों के शोध ग्रन्थ को शोध गंगा/गंगोत्री पोर्टल में एकाउन्ट बना कर अपलोड किये जायेगा। शोध रूप रेखा और शोध ग्रन्थों को अपलोड किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है। जिससे शोध ग्रन्थ सार्वजनिक प्रदर्शन के लिये उपलब्ध रहें।

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 127 वीं जयन्ती

भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 127 वीं जयन्ती उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ0 दिनेश कुमार जी के निर्देशन में विश्वविद्यालय में पोस्टर एवं कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रो0 एच0 पी0 शुक्ल व प्रो0 आर0 सी0 मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

इस अवसर पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 एच0 पी0 शुक्ल ने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने देश को संविधान प्रदान कर राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। कुलसचिव प्रो0 आर0 सी0 मिश्रा ने कहा कि भारतीय इतिहास में उनका योगदान अमर रहेगा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 दिनेश कुमार जी ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवनदर्शन, शैक्षिक दर्शन, समाज के

प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते प्रो0 एच पी शुक्ल

पिछड़े वर्गो व नारी उत्थान हेतु किये गये कार्यो के प्रत्येक बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के सही दिशा निर्देशन के साथ देश की राजनैतिक व्यवस्था व अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एक लिखित संविधान प्रदान किया, साथ ही भारतीय रिर्जव बैंक आंफ इंडिया स्थापित करने का श्रेय उन्हीं को प्राप्त हुआ। संविधान के द्वारा हम सभी भारतीय अपने अधिकारों व कर्तव्यों का प्रयोग करते है। उनके द्वारा समाज में फैली अनेक कुरूतियों को कानून द्वारा दूर करने का सफल प्रयास किया गया।

डॉ0 अम्बेडकर जी ने कहा था कि शिक्षा का प्रचार एवं प्रयास किये बिना कोई भी राष्ट्र अपना विकास नही कर सकता है। इस अवसर पर डॉ0 सूर्यभान सिंह, डॉ0 दीपांकुर जोशी ने अपने विचार रखे व संचालन डॉ0 राजेन्द्र कैड़ा द्वारा किया गया।

Asian Association of Open Universities की वेबसाईट में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का समावेशन

विश्वविद्यालय को गवर्नर्स बेस्ट यूनिवर्सिटी अवार्ड 2017 में प्रदेश के विश्वविद्यालयों में दूसरे स्थान प्राप्त हुआ है जिसे Asian Association of Open Universities द्वारा अपनी वेबसाईट में प्रकाशित किया गया है।

AAOU की वेबसाईट में प्रकाशित विश्वविद्यालय की उपलब्धि

दूरस्थ शिक्षा में उच्च स्तरीय चिंतन

दिनांक- 10-11 मई, 2018 को माननीय कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव जी द्वारा राष्ट्रमंडल शैक्षिक मीडिया केंद्र एशिया (Commonwealth of Learning (COL) and Asia e-University, Malaysia के सहयोग द्वारा आयोजित High Level Roundtable for Vice Chancellors & Heads of ODL Institutions, की बैठक में कुआलालुंपुर, मलेशिया में प्रतिभाग किया गया।

बैठक में विश्व के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों व दूरस्थ शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों द्वारा अवरोध एवं व्यवधानों के इस युग में नेतृत्व का क्या महत्व है तथा किस तरह एक कुशल नेतृत्व में मुक्त विश्वविद्यालय व दूरस्थ शिक्षा संस्थान अपना संर्वागीण विकास करते हुए अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर सकते है, पर विचार विमर्श किया गया।

Inter Staff Exchange Fellowship के तहत थाईलैंड में मूक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण देने हेतु विश्वविद्यालय के सहायक प्रध्यापक का चयन

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. जीतेंद्र पाण्डे का चयन Asian Association of Open Universities (AAOU) की प्रतिष्ठित Inter-University Staff Exchange Fellowship हेतु Sukhothai Thammathirat Open University, Bangpood, Pakkret, Nonthabur, Thailand विश्वविद्यालय में हुआ है| इस फेलोशिप के अंतर्गत डॉ जीतेंद्र पाण्डे कुछ समय Sukhothai Thammathirat Open University में रहकर A comparative study of OER practices at Uttarakhand Open University(UOU), India & Sukhothai Thammathirat Open University(STOU), Thailand विषय में शोध करेंगे|

कैरियर परामर्श संगोष्ठी

दिनांक 26 मई, 2018 को नामांकित शिक्षार्थियों हेतु उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा मुख्यालय में एक कैरियर परामर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कैरियर परामर्श संगोष्ठी के विशेषज्ञ आईआईएम, इंदौर से प्रोफेसर पवन कुमार सिंह थे। संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रोफेसर आर सी मिश्र थे। कैरियर परामर्श संगोष्ठी CEMCA के सहयोग से आयोजित की गयी।

विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते प्रो0 पवन कुमार सिंह

विशेषज्ञ द्वारा शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया गया अवगत कराया कि आत्मविश्वास के साथ ज्ञान, कौशल और क्षमताएँ, सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपने संबंधित पाठ्यक्रम का गहन अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने साक्षात्कार और आगे की शिक्षा के संबंध में छात्रों के संदेह को भी दूर कर दिया।

संगोष्ठी में प्रतिभाग करते शिक्षार्थी

संगोष्ठी में शिक्षार्थियों को उनके लिए उपलब्ध कैरियर विकल्पों से अवगत हुए। विशेषज्ञ ने सभी प्रतिभागियों को उनसे सम्बन्धित क्षेत्रों में उपलब्ध सफल कैरियर तथा कैरियर विकल्पों

के निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस संगोष्ठी में, शिक्षार्थियों को उनके प्रश्नों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के बारे में पता चला जो कि निम्नवत: हैं;

1. प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में कैसे सफल होना है,
2. किसी विशेष क्षेत्र में नौकरी के अवसर क्या हैं,
3. रोजगार के अवसर हेतु उचित जानकारी प्राप्त करने के लिए सुझाव दिये गये, और
4. रोजगार के लिए आवेदन कैसे करें आदि

संगोष्ठी का समापन छात्रों का विशेषज्ञ के साथ परस्पर संवादात्मक सत्र से संपन्न हुआ।

पीएच.डी. पाठ्यक्रम (प्रवेश परीक्षा)

विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2018 के लिए पीएच.डी. पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा यू.जी.सी नेट 2016 के प्रावधनों के अनुरूप कराये जाने हेतु हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, समाज कार्य, होटल प्रबन्धन, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वानिकी, वाणिज्य, प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, पर्यटन प्रबन्ध, हॉर्टिकल्चर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स, योग, मनोविज्ञान, ज्योतिष विषयों कीं 87 सीटो के लिए विज्ञापन दिनांक 20/04/2018 को दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया।

पीएच.डी. पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र आनलाईन मांगे गये है। आनलाईन आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि 21 मई 2018 से एक सप्ताहः बढ़ाकर 26 मई 2018 तक की गई। पाठ्यक्रम हेतु कुल 540 आवेदन पत्र हुए है जिनका परीक्षण का कार्य गतिमान है।

पीएच.डी. पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा हेतु सूचना Asian Association of Open Universities की वेबसाईट में भी प्रकाशित की गई।

पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धत जानकारी Asian Association of Open Universities की वेबसाईट में प्रकाशित

सामाजिक सरोकार

रिस्पना नदी के पुर्नजीवन हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की सहभागिता

निदेशक, परिसर देहरादून के निर्देशन में उत्तराखण्ड राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के अर्न्तगत रिस्पना नदी के पुर्नजीवन के प्रयासों के लिये मैपिंग एवं स्वच्छता अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है।

उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'रिस्पना नदी के पुर्नजीवन' के प्रयासों के अन्तर्गत परिसर देहरादून द्वारा अधिकाधिक सहयोग दिया जा रहा है जिसके अन्तर्गत दिनॉक 22 मई 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर राज्य के विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से पौधारोपण हेतु गड्डे खोदे गये जिसमें मुक्त विश्वविद्यालय परिसर द्वारा भी सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते प्रो0 दुर्गेश पंत

उत्तराखण्ड राज्य में सूख रहे जलस्रोतों के बारे में शुक्लापुर मॉडल 'हेस्को देहरादून' के अनुसार लगभग 21 जलस्रोतों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रमुख वन संरक्षक श्री जयराज एवं माननीय मुख्यमंत्री जी को सौंपी गई।

रिस्पना पुर्नजीवीकरण के अन्तर्गत रिस्पना में गिरने वाले गन्दे नालों (Sewerage) की विस्तृत GIS Based रिपोर्ट राज्य के मुख्य सचिव एवं माननीय मुख्यमंत्री जी को सौपी गई। यह रिपोर्ट अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि नदी के पुर्नजीवन के लिये Sewerage Discharge Points की जानकारी आवश्यक है।

माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को रिपोर्ट सौपते हुए प्रो0 पंत

दिव्यांगों के शिक्षा संवर्द्धन हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण

कार्यशाला को संबोधित करते डॉ0 रमेश पोखरियाल 'निशंक', पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं सांसद हरिद्वार लोकसभा

केन्द्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी द्वारा देहरादून जिले के डोईवाला ब्लाक के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग 42 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं 40 प्रशिक्षु अध्यापकों को विभिन्न विकलांगताओं यथा मानसिक मंदता, नेत्रहीनता, मूक-बधिर एवं पढ़ने में अक्षमता से ग्रसित बच्चों हेतु विशिष्ट शिक्षा के प्रति एवं निशक्तजनों के पुनर्वास एवं रोजगार सम्बन्धी प्रावधानों व केन्द्र-राज्य सरकारों द्वारा किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी के प्रति जागरूक करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन हिमालय आयुर्वेदिक चिकत्सा महाविद्यालय, फतेहपुर, डोईवाला में दिनाँक 12-14 जून 2018 को किया गया|

कार्यशाला का उद्घाटन डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक' जी, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं सांसद हरिद्वार लोकसभा, अध्यक्ष संसदीय सरकारी आश्वासन समिति, भारत सरकार एवं प्रो. नागेश्वर राव, कुलपति, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी और सच्चिदानंद भारती, प्रणेता पानी राखो आंदोलन ने दीप प्रज्ज्वलन से किया।

उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने दिव्यांग लोगों को शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने पर अवसर देने पर जोर दिया| कुलपति, प्रो. नागेश्वर राव ने अपने संबोधन में दिव्यांगों कों शिक्षा और समाज में सम्मान देने पर बल दिया | सच्चिदानंद भारती द्वारा अपने संबोधन में दिव्यांगजनों से शिक्षा के साथ साथ पर्यावरण के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की और बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण सामान्य शिक्षकों के लिए लाभकारी होते हैं| कार्यशाला के संयोजक एवं उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के विशिष्ट शिक्षा विभाग के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल ने कार्यशाला के विषय, रूपरेखा एवं महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश डोईवाला ब्लाक के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को विकलांग बच्चों एवं निशक्तजनों के लिए क़ानूनी प्रावधान,विशिष्ट शिक्षा का प्रबंध, उनमे विकलांगता की पहचान करना एवं सामान्य विद्यालयों में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत उनको प्रवेश देना उनके शैक्षिक अधिकारों ,पुनर्वास सम्बन्धी अधिकारों एवं नई तकनीकियों के माध्यम से शिक्षण एवं केन्द्र-राज्य सरकारों द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी देना है| उद्घाटन सत्र में दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया|

कार्यशाला में प्रतिभाग करते शिक्षक

प्रतिभागियों, ऋषिकेश पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री एस.एस.भण्डारी एवं गंगोत्री विद्या निकेतन, बपुग्राम की सहायक अध्यापिका साधना ध्यानी ने अपेक्षा की कि इस कार्यशाला के द्वारा से शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को सामान्य विद्यालयों में पढ़ाने से सम्बंधित तकनीकी के प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा| और उनके पठन पाठन से सम्बंधित विभिन्न जानकारी का लाभ वो ले सकेंगे|

कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में अनमोल फाउंडेशन के निदेशक श्री सतीश चौहान ने प्रतिभागियों को विकलांगता को परिभाषित करते हुए इसके प्रकारों एवं विकलांगता के प्रति बनी अवधारणाओं कों स्पष्ट किया| और भारतीय पुनर्वास परिषद् एक्ट १९९२ के बारे में विस्तार से बताया| कार्यशाला के दूसरे दिवस दिनाँक 13 जून 2018 को कार्यशाला के दूसरे दिवस के सत्रों में विषय विशेषज्ञ मुरली सिंह द्वारा विकलांगता के हस्तक्षेपन में कार्य करने वाले विशेषज्ञों की भूमिका और उत्तरदायित्वों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की|विषय विशेषज्ञा श्रीमती मीनाक्षी चौहान ने प्रतिभागियों को विकलांगता के कारण बच्चों में होने वाली मानसिक बीमारी, उसका मनोसामाजिक प्रभाव के विषय में बताया नेत्रहीन बच्चों के लिए ब्रेल लिपि के विषय में बताया| सतीश चौहान द्वारा द्वारा मूक बधिर व्यक्ति और बच्चों को Sign language (प्रतीकों के माध्यम अथवा इशारों द्वारा भाषा की अभिव्यक्ति) से अध्यापन की विधि बताई और उनका अभ्यास कार्यशाला के प्रतिभागियों को उनका अभ्यास करवाया| सविता सिंह ने समावेशी शिक्षा के सन्दर्भ में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों

की जानकारी दी साथ ही निशक्तजन के लिए बाधा रहित पर्यावरण निर्माण एवं रोजगार सर्जन के विषय में बतलाया|

कार्यशाला के तृतीय दिवस दिनाँक 14 जून, 2018 के तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञ सतीश चौहान ने बाधा रहित वातावरण, समावेशन के विषय पर जानकारी दी और विकलांगता का परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया|साथ ही विकलांग बच्चों के चिन्हीकरण, शैक्षिक पुनर्वास एवं उपचारार्थ हेतु शीघ्र हस्तक्षेपन केन्द्र (Early Intervention Centre) के विषय में बताया| सविता सिंह द्वारा कार्यशाला के प्रतिभागियों को राष्ट्रीय न्यास के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं एवं UNCRPD के विषय में जानकारी दी |

कार्यशाला को सम्बोधित करते मा0 कुलपति प्रो0 राव

कार्यशाला के समापन सत्र में हे.न.ब.गढ़वाल विश्वविद्यालय के बी.एड. विभाग पौड़ी परिसर की प्राध्यापिका निधि बड़थ्वाल ने कार्यशाला में आये प्रतिभागियों को प्रतिभाग का प्रमाण पत्र प्रदान किया|इससे पूर्व अपने संबोधन में निधि बड़थ्वाल ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी और भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और इस प्रकार के आयोजन को दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों के लिए आवश्यक बताया| विषय विशेषज्ञ सतीश चौहान ने ब्रेल लिपि कों समझाया| मुरली सिंह द्वारा ऑडियोमीटर के माध्यम से वाक् जांच का प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया| प्रतिभागी शिक्षक श्री हेमचंद रयाल द्वारा इस प्रकार की कार्यशाला कों उपयोगी बताया| और जो कुछ क्रियाकालाप और प्रशिक्षण प्राप्त किये उसको समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रयोग में लाने की बात बोली| प्रतिभागी शिक्षिका श्रीमती भावना ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु नई तकनीकी का ज्ञान और उनके अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के अधिकारों को जागरूक करने में इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सहायता मिलेगी| कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला के संयोजक एवं उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के विशिष्ट शिक्षा विभाग के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल ने आमंत्रित मुख्य अतिथि, विषय विशेषज्ञों एवं डोईवाला ब्लाक के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया|

परीक्षा

- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा- जून 2018 में **दिनांक 01 जून 2018 से 28 जून 2018 तक 22 दिवसों में, प्रदेश के 60 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई** जो शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 55,966 परीक्षार्थी सम्मिलत हुए। जिसका विवरण निम्नवत् है।

Year	Main Exam	Back Paper	Improvement	Total
June 2018	48545	7230	191	55966

- शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से जून 2018 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्रों की संख्या 54 से बढ़ाकर 60 कर दी गई। पहाड़ी क्षेत्रों में 43 परीक्षा केन्द्रों का चिन्हीकरण किया गया जिनमें से 27 अति दुर्गम क्षेत्रों में स्थित हैं।
- जून 2018 में 22 कार्य दिवसों में विश्वविद्यालयीय परीक्षा सम्पन्न करायी गयी, जिससे कि समय से परीक्षाएं खत्म होने के उपरान्त छात्र आगे की तैयारी (नौकरी या आगे की पढ़ाई) की प्रक्रिया प्रारम्भ कर सके।

योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता

दिनांक- 21 जून 2018 को चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर स्वास्थ विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के योग विभाग ने भी विश्वविद्यालय मुख्यालय में एक 'योग महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन को तीन चरणों में विभाजित किया गया था।

योग दिवस में प्रतिभाग करते योग विषय के विद्यार्थी

विश्व योग दिवस के प्रथम चरण के रूप में 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के अन्तर्गत सुबह 7.00 से 8.00 बजे तक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस सत्र का उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव, कुलसचिव प्रो0आर0 सी0 मिश्र तथा योग विभाग के समन्वयक डॉ० भानु प्रकाश जोशी ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। इस अवसर पर कुलपति, कुलसचिव सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं कार्मिकों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में छात्र, प्रशिक्षार्थी एवं आस पास के स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों तथा प्रशिक्षुओं की देखरेख में योगाभ्यास किया।

'योग महोत्सव' के द्वितीय चरण के रूप में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योगासन प्रतियोगिता में 58 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कठिन एवं सहज आसनों का प्रदर्शन किया गया जिसका सुयोग्य निर्णायकों द्वारा आंकलन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बहुत उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। आयोजन के समन्वयक डॉ० भानु प्रकाश जोशी ने सभी प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के तीसरे चरण में एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया, इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव ने की। कार्यक्रम का आरम्भ योग विभाग की छात्राओं की शिव ताण्डव स्तोतत्र पर एक सुन्दर सांस्कृतिक प्रस्तुति (योग नाटिका) द्वारा किया गया। डॉ० भानु प्रकाश जोशी ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों एवं निर्णायकों का स्वागत किया तथा सम्पूर्ण आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वास्थय विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक एवं कुलसचिव प्रोफेसर आर०सी०मिश्र ने भारत की प्राचीन योग परम्पकरा का विश्लेषण करते हुए वर्तमान मानवीय जीवन की पूर्णता के लिए योग की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो०नागेश्वर राव ने सभी उपस्थित व्यक्तियों, शिक्षकों, कार्मिकों एवं विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी तथा योग विभाग की गतिविधियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया।

विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं योग विद्यार्थियों द्वारा योग दिवस पर योगासन करते हुए

इस अवसर पर योग विभाग द्वारा प्रारम्भ के स्तार के छात्रों के लिए क्रियात्मक अभ्यासों की 16 वीडियो सी0 डी0 का भी लोकार्पण किया गया तथा इन्हें विश्वविद्यालय की बेबसाइट में भी अपलोड किया गया।

इसके उपरान्त योगासन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्तर पर सफल विद्यार्थियों को माननीय कुलपति जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत विद्यार्थियों का विवरण निम्नत है :-

योगासन प्रतियोगिता-

प्रथम स्थान- कुशल देव सिंह , एम0 ए0 योग

द्वितीय स्थान – कु0 तनीषा, डसीला डिप्लोमा योग

तृतीय स्थान- मनोज सिह, एम0 ए0 योग

इसी क्रम में उत्ताराखण्ड् मुक्त विश्वविद्यालय के देहरादून परिसर में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें परिसर निदेशक प्रो0 दुर्गेश पन्त तथा विश्वविद्यालय कार्मिकों सहित स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के 15 अध्ययन केन्द्रों पर भी योग दिवस महोत्सव का आयोजन किया गया जिन आयोजनों में कामन योग प्रोटोकॉल के साथ- साथ विविध योग विषयक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं कराई गयीं।

दिनांक 20 जून 2018 एवं 21 जून 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र जानकी देवी एजुकेशन वैलफियर सोसाइटी में दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें परिसर निदेशक देहरादून द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर निदेशक, परिसर देहरादून द्वारा योग विषय पर वक्तव्य दिया गया।

अध्ययन केन्द्र जानकी देवी एजुकेशन वैलफियर सोसाइटी में दो दिवसीय योग शिविर में प्रतिभाग करते हुए विद्यार्थी

दिनांक 21 जून 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परिसर देहरादून में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मॉडल अध्ययन केन्द्र के योग काउन्सलर श्री अनिल थपलियाल जी द्वारा योग के इतिहास एवं उसके महत्व के बारे में एक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि शरीर के स्वस्थ रहने पर ही मस्तिष्क स्वस्थ रहता हैं और मस्तिष्क से ही शरीर की समस्त क्रियायें संचालित होती हैं। इस प्रकार हमारे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आत्मिक विकास हेतु योगासन अति आवश्यक हैं।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के परिसर कार्यालय, देहरादून में आयोजित योग कार्यक्रम

सहज संस्कृत बोध पाठ्यक्रम ऑन-लाईन प्रारम्भ

विश्वविद्यालय द्वारा सहज संस्कृत बोध पाठ्यक्रम को प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सुविधा हेतु ऑन-लाईन कर दिया गया है। पाठ्यक्रम का लोकार्पण दिनांक 25 जून, 2018 को श्री मुकुल कानितकर द्वारा माननीय कुलपतिजी की अध्यक्षता में किया गया। यह पाठ्यक्रम निशुल्क व सभी के लिए संस्कृत सीखने योग्य बनाया गया है। इस पाठ्यक्रम में घरेलू उपयोग की सामग्रियों के संस्कृत के नाम के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों की

संस्कृत नामावली का सचित्र वर्णन करते हुए व्यावाहारिक संस्कृत को संवादपरक बनाकर अत्यन्त सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। इसके ऑन-लाईन अध्येता निशुल्क पंजीकरण करते हुए प्रशनोत्तर के माध्यम से संस्कृत सीखेगें। जिन्हे संस्कृत भाषा के प्रारम्भिक स्वरूप का भी ज्ञान नहीं है ऐसे लोगों के लिए यह पाठ्यकम बहुत उपयोगी सिद्व होगा। यह पाठ्यक्रम प्राचीन भाषाओं को बढ़ावा देने व युवाओं को संस्कृत भाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रारम्भ किया गया है। इसके अतिरिक्त इस पाठ्यक्रम के अध्ययन के उपरांत युवाओं को स्वरोजगार में सहायता प्राप्त हो सकेगी।

भारतीय शिक्षा का सम-सामयिक परिदृश्य पर व्याख्यान

"भारतीय शिक्षा का सम-सामयिक परिदृश्य" विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में बोलते हुए भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानितकर ने कहा कि आजकल अध्ययन बंद हो गया है बस रटना रह गया है। उन्होंने गुरूकुल शिक्षा प्रणाली को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

व्याख्यान देते श्री मुकुल कानितकर जी

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुकुल कानितकर ने कहा कि गुरूकुल शिक्षा प्रणाली जीवन की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि अगर जीवन की शिक्षा होगी तो पूरा ज्ञान होगा, गुरूकुल शिक्षा प्रणाली को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए उन्होंने कहा कि यह भविष्य की शिक्षा है और आने वाले समय में सारा विश्व इसे स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत को इसका अग्रेसर बनना चाहिए। भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था में आजकल अध्ययन बंद हो गया बस रटना रह गया, जिससे हम लोग संतुष्ट नही है, लेकिन दूसरी ओर दुनियां के देशों में हम अकाउण्टेंट दे रहे है, बड़े-बड़े अधिकारी दे रहे है। इसका कारण यह है कि हमारे पास अध्यात्मिक स्थिरता औऱ परिवार है, जिसके कारण हम सफल हो जाते है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षण मंडल इस पर वृहद रूप से कार्य कर रहा है।

सहज संस्कृत बोध का ऑनलाईन लोकार्पण करते हुए

मुकुल कानितकर ने आगे कहा भारत में अनुभुति को ज्ञान कहा जाता है, ज्ञान प्राप्ति बिना इन्द्रियों के नहीं हो सकती है। ज्ञान के लिए इन्द्रियों को संयमित किया जाता है और गुरूकुल शिक्षा पद्धति में यह व्यवस्था है। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षण मंडल के ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि शैक्षिक स्तर में सुधार लाने को शिक्षण मंडल कृत संकल्प है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नागेश्वर राव ने कहा कि विचार व व्यवहार दोनों किसी व्यक्ति में है तो वह सफल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बृहद रूप से कार्य की

आवश्यकता है और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय इस ओर विशेष प्रयास कर रहा है। जबकि कुलसचिव प्रो. आरसी मिश्रा ने शिक्षा में सुधार के प्रयासों की सराहना की। संचालन डा. देवेश मिश्र द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता व कुलपति द्वारा संस्कृत विद्या शाखा की वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस 2018 के अवसर पर 5 जून को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के वन विभाग के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में पौंधारोपण व इसके समीप के वन क्षेत्र से पॉलीथिन हटाने का कार्य सम्पन्न किया। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस का थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण' था।

पर्यावरण दिवस पर विश्वविद्यालय तथा वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा पौंधारोपण कार्यक्रम

विश्वविद्यालय तथा वन विभाग के सौ से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया व विभिन्न प्रकार के पौंधे लगाए। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर आर0 सी0 मिश्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्व से प्रदूषण कि मुक्ति तभी सम्भव है जब प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण का कार्य करे। वन विभाग के डी.एफ.ओ. श्रीमती कल्याणी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम अपने आस-पास की सम्पूर्ण सफाई से ही पर्यावरण को भी पूरी तरह साफ-सुथरा रख सकते है।

पौंधारोपण करते कुलसचिव, डी0एफ0ओ0 कल्याणी तथा अन्य कर्मचारी

दूरस्थ शिक्षा में गुणवत्ता

देश के दूरस्थ उच्च शिक्षण संस्थानों के मूल्यांकन व मान्यता हेतु परम्परागत विश्वविद्यालयों की भांति मापदंडो के निर्धारण हेतु सात केन्द्रों में इन मापदंडो के निर्धारण के लिए अलग अलग तिथियों में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाएँ आयोजित की गई| इन कार्यशालाओं में देश के मुक्त विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के कुलपतियों व निदेशकों सहित सभी सम्बंधित हितधारकों द्वारा प्रतिभाग किया गया| इन कार्यशालाओं में निर्धारित सात मापदंडों, आधारभूत सूचकों व उनके लिए निर्धारित भारंकों पर मुक्त शिक्षण संस्थानों के परिपेक्ष्य में विचार विमर्श किया गया तथा आयोजित कार्यशालाओं की विस्तृत रिपोर्ट NAAC के प्रतिनिधियों को सौप दी गई | NAAC द्वारा इन विस्तृत रिपोर्टों का अध्ययन करने के पश्चात दूरस्थ उच्च शिक्षण संस्थानों के मूल्यांकन व मान्यता हेतु नियमावली को अन्तिम रूप दिया जायेगा |

यह सात कार्यशालाएँ देश के विभिन्न मुक्त विश्वविद्यालयों में आयोजित की गई | मा0 कुलपति जी द्वारा दिनांक 10 जून, 2018 से 26 जून, 2018 तक देश के विभिन्न राज्यों के मुक्त विश्वविद्यालयों में आयोजित कार्यशालाओं में अध्यक्ष के रूप में प्रतिभाग किया गया। प्रोफेसर आर0 सी0 मिश्र, निदेशक, वाणिज्य विज्ञान विद्याशाखा/कुलसचिव द्वारा दिनांक 12 जून, 2018 को NAAC, बैगलुरू के तत्वाधानों में उडीसा राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में दूरस्थ विश्वविद्यालयों व संस्थानों के नैक मान्यता हेतु बनाये जाने वाले मापदंडों के सम्बन्ध में आयोजित कार्यशाला में सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया गया। डॉ0 गगन सिंह, सहायक प्रध्यापक, वाणिज्य द्वारा दिनांक 26 जून, 2018 को NAAC, बैगलुरू के तत्वाधानों में डॉ0 बाबा साहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात में दूरस्थ विश्वविद्यालयों व संस्थानों के नैक मान्यता हेतु बनाये जाने वाले मापदंडों के सम्बन्ध में आयोजित कार्यशाला में सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया गया। डॉ0 जीतेन्द्र पाण्डे, सहायक प्रध्यापक, कम्प्यूटर विज्ञान द्वारा दिनांक 10 जून, 2018 को NAAC, बैगलुरू के तत्वाधानों में नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय, कोलकाता में दूरस्थ विश्वविद्यालयों व संस्थानों के नैक मान्यता हेतु बनाये जाने वाले मापदंडों के सम्बन्ध में आयोजित कार्यशाला में सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया गया। डॉ0 मंजरी अग्रवाल, सहायक प्रध्यापक, प्रबंध अध्ययन द्वारा दिनांक 23 जून, 2018 को NAAC, बैगलुरू के तत्वाधानों में डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दूरस्थ विश्वविद्यालयों व संस्थानों के नैक मान्यता हेतु बनाये जाने वाले मापदंडों के सम्बन्ध में आयोजित कार्यशाला में सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया गया।

MOOC के अंतर्गत संचालित किये जाने वाले पाठ्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा पर्यटन, हिन्दी, संस्कृत एवं ज्योतिष विषयों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग हिन्दी विभाग, संस्कृत विभाग व ज्योतिष विभाग द्वारा संबंधित विषयों के प्रति जागरूकता व जानकारी प्रदान किये जाने हेतु Moodle MOOC के अंतर्गत पाठ्यक्रमों का निर्माण किया जा रहा है| इन पाठयक्रमों की सहायता से छात्र पर्यटन, हिन्दी, संस्कृत व ज्योतिष से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जान सकेंगे |

विश्वविद्यालय के सहायक प्रध्यापक द्वारा Inter Staff Exchange Fellowship के तहत थाईलैंड में मूक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. जीतेंद्र पाण्डे का चयन Asian Association of Open Universities (AAOU) की प्रतिष्ठित Inter-University Staff Exchange Fellowship हेतु दिनांक 01 जुलाई, 2018 से 30 जुलाई, 2018 तक Sukhothai Thammathirat Open University, Bangpood, Pakkret, Nonthabur, Thailand विश्वविद्यालय में हुआ| इस फेलोशिप के अंतर्गत डॉ जीतेंद्र पाण्डे Sukhothai Thammathirat Open University में रहकर A comparative study of OER practices at Uttarakhand Open University(UOU), India & Sukhothai Thammathirat Open University (STOU), Thailand विषय में शोध किया गया|

इन्टरनेट की पहुँच बड़ने के साथ एजुकेशन रिसोर्सेज की उपलब्धता बढती गयी तथा इसी के साथ ही MIT, USA में ओपन

कोर्सवेयर मूवमेंट की शुरुवात हुई। यह मूवमेंट इतना लोकप्रिय हुआ की वर्ष 2002 में UNESCO ने इम्पैक्ट ऑफ़ ओपन कोर्सवेयर फॉर हायर एजुकेशन इन डेवलपिंग कन्ट्रीज (the impact of open courseware for higher education) फोरम में ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज (Open Educational Resources) शब्द ईजाद किया| Open Educational Resources को टीचिंग –लर्निंग प्रोसेस को और अधिक सम्रध बनाए जाने के लिए किया गया था किन्तु कुछ देशों में इस परम्परागत पाठ्यपुस्तकों के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा|

Open Educational Resources(OER) वह टीचिंग, लर्निंग या रिसर्च में उपयोग होने वाली वो सामग्री है जो या तो पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हो या जिन्हें ओपन लाइसेंस के अंतर्गत रिलीज़ किया गया हो। सामान्यतः हम यह समाज लेते हैं कि इन्टरनेट में जो भी सामग्री उपलब्ध है उसे किसी भी प्रयोजन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है| किन्तु ऐसा नहीं है केवल वे ही सामग्री इस्तेमाल की जा सकती है जो की या तो पब्लिक डोमेन में हो या फिर ओपन लाइसेंस के अंतर्गत प्रकाशित की गयी हो। जो भी सामग्री ओपन लाइसेंस के अंतर्गत प्रकाशित हो उसे कोई भी कानूनी रूप से और स्वतंत्र रूप से प्रतिलिपि बना सकता है, अनुकूलन का उपयोग कर सकता है और उन्हें फिर से साझा कर सकता है।

OER को इस्तेमाल करने के कई फ़ायदे है, खासकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए। विद्यार्थियों हेतु अध्ययन के किसी विशेष क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वे लागत आसन एवं सस्ता साधन हैं। छात्रों को प्रदान किए गए संसाधनों को, सामग्री को प्रासंगिक और आकर्षक बनाने के लिए अपनी सीखने की ज़रूरतों के अनुरूप सर्वोत्तम रूप से अनुकूलित किया जा सकता है। कुछ मामलों में, छात्रों के लिए ओईआर के विकास / सुधार में योगदान करने के लिए विकल्प हो सकते हैं और ओईआर विकास और सुधार चक्र में योगदान दे सकते हैं। शिक्षकों के लिए, यह मौजूदा शिक्षा सामग्री बनाने और निर्माण करके समय बचाने के लिए एक विकल्प है। कई मामलों में, शिक्षाविद एक विशेष प्रसंग से सम्बंधित OER चुनने में सक्षम होते हैं और उसको इस्तेमाल करके अपना स्वयं का ओईआर बना सकते है। ओईआर दुनिया के अन्य शिक्षाविदों के साथ रिसर्च एवं कोलैबोरेशन का अवसर प्रदान कर सकता है।

ओईआर विभिन्न प्रकार में उपलब्ध होते है जिसमें वीडियो, ग्रंथ, आरेख, सिमुलेशन इत्यादि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त यह ऑनलाइन पाठ्यपुस्तकों के रूप में भी उपलब्ध हैं जिसे कोर या पूरक टेक्स्ट के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

इस एक महीने के फ़ेलोशिप प्रोग्राम के अंतर्गत डॉ. जीतेंद्र पाण्डे ने विश्वविद्यालय स्तर पर sukhothai Thamathirat National Open University से OER संसाधन साझा करने की संभावनाओं का आकलन किया। इसके अतिरिक्त वहां के शिक्षकों को OER के बारे में ट्रेनिंग दी गयी। थाईलैंड में ऑनलाइन लर्निंग के लिए वातावरण बेहद अनुकूल है क्यूंकि वहां पर इन्टरनेट सस्ता है और उसकी पहँच आम लोगों तक बहुत ज्यादा है।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ0 जितेन्द्र पांडे व अन्य

थाईलैंड में पढ़ाई बहुत महंगी है। सभी विश्वविद्यालयों का प्रयास है कि शिक्षा का दायरा आम जन तक बड़ाने के लिए इसकी कीमत को कम किया जाये, जिसके लिए OER बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं। थाईलैंड में ऑनलाइन लर्निंग के लिए वातावरण बेहद अनुकूल है क्यूंकि वहां पर इन्टरनेट सस्ता है और उसकी पहुंच आम लोगो तक बहुत ज्यादा है। इसलिए वहां के विश्वविद्यालय MOOC(Massive Open Online Courses) के जरिये ऑनलाइन कोर्स शुरू करना चाहती जिसके लिए वह उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का सहयोग चहती है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में काफी आगे है जो अपने ईलर्निंग पोर्टल elearning.uou.ac.in द्वारा निशुल्क ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध कराता है।

साईबर सुरक्षा

साइबर सिक्यूरिटी के महत्त्व को समझते हुए विश्वविद्यालय ने वर्ष 2016 में साइबर सिक्यूरिटी एंड ई-गवर्नेंस विषय पर 16 क्रेडिट का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया| इस पाठ्यक्रम की पाठ्य सामग्री का निर्माण कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेण्टर फॉर एशिया (CEMCA) द्वारा प्रदत्त अनुदान के माध्यम से किया गया| पाठ्यक्रम की विषय-सामग्री को इंडियन साइबर इमरजेंसी रेस्पोंस टीम (CERT-In) के वैज्ञानिकों, मिनिस्ट्री ऑफ़ डिफेंस के ऑफिसर्स, इंडियन एयर फ़ोर्स के ऑफिसर्स, विख्यात आईटी कंपनी जैसे विप्रो, आईबीएम्, इनफ़ोसिस, आदि के प्रोफेशनलस एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों के सहयोग से डिज़ाइन किया गया है| इस पाठ्यक्रम को समृद्ध बनाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत इस विषय के विषय विशेषज्ञों के सहयोग से वीडियो लेक्चर्स की रिकॉर्डिंग करायी जा रही है।

इस पाठ्यक्रम की उपयोगिता एवं गुणवत्ता को देखते हुए एशियन एसोसिएशन ऑफ़ ओपन यूनिवर्सिटीज (Asian Association of Open Universities) द्वारा इस पाठ्यक्रम को एशियन मूकस (Asian MOOCs) में शामिल कर लिया गया है| इस पाठ्यक्रम का उपयोग अन्य मुक्त विश्वविद्यालयों द्वारा किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने सत्र जुलाई 2018 से साइबर सुरक्षा मं एक नया स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम लॉन्च किया है। कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है:

Post Graduate Diploma in Cyber Security **PGDCS-17**
Credits- 40

PROGRAMME STRUCTURE			
Course Code	**Course Name**	**Credits**	**Total Marks (Th. /Assign.)**
	SEMESTER I		
PGDCS-01	Fundamentals of Information Security	04	100 (80/20)
PGDCS-02	Cyber Security Techniques	04	100 (80/20)
PGDCS-03	Cyber attacks and counter measures: user perspective	04	100 (80/20)
PGDCS-04	Information System	04	100 (80/20)
PGDCS-P1	Lab Cyber Security Fundamentals	04	100
	SEMESTER II		
PGDCS-05	Information Security Assurance : Framework, standards and Industry best practices	04	100 (80/20)
PGDCS-06	Digital Forensic	04	100 (80/20)
PGDCS-07	Advanced Cyber Security Techniques	04	100 (80/20)

PGDCS-08	Computational Number Theory & Cryptography	04	100 (80/20)
PGDCS-Project	Project	04	150

पाठ्यक्रम सामग्री प्रमुख वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई है। इस कोर्स को विश्वविद्यालय के ई-लर्निंग पोर्टल www.uou.ac.in का उपयोग कर MOOCs में भी प्रयोग किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त सहायक प्रध्यापक, कम्प्यूटर विज्ञान, डॉ जीतेंद्र पाण्डे को मिनिस्ट्री ऑफ़ ह्यूमन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट द्वारा संचालित SWAYAM ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल हेतु Fundamentals of Cyber Security विषय पर ऑनलाइन कोर्स विकसित करने हेतु रुपये 13.5 लाख रुपये की ग्रांट आवंटित हुए है।

टॉपर्स कॉन्क्लेव

दिनांक अगस्त, 2018 से अगस्त, 2018 तक राजभवन, देहरादून में आयोजित टॉपर्स कॉन्क्लेव हेतु कुलपति महोदय तथा विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले निम्न दो विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

क्र0 स 0	**नामांकन संख्या**	**छात्र/छात्रा का नाम**	**पिता का नाम**	**पाठ्यक्रम**	**प्राप्तांक**	**पूर्णांक प्रतिशत**
1-	15072328	उत्तम प्रसाद सेमवाल	मारकन्डेय प्रसाद सेमवाल	वनस्पति विज्ञान में परास्नातक	**936/1200**	78%
2-	15068524	कु0 आरती	बचन सिंह	एम0ए0 अग्रेंजी	**699/900**	77.67%

पॉच दिवसीय टॉपर्स कॉन्क्लेव में मुख्य वक्ता व वाह्य विषय विशेषज्ञों के विषयों पर प्रतिभाग कर रहे सभी टॉपर्स द्वारा दिये गये प्रतिक्रियाओं व व्याख्यानों में विश्वविद्यालय की छात्रा कुमारी आरती ने प्रथम दो मुख्य वक्ताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

सामाजिक सरोकार

हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा देश में विश्वविद्यालय स्तर पर सैनिको के अदम्य साहस के प्रति देश के नौजवानों को प्रेरित करने के लिए **"Wall of Heroes"** नामक अभियान शुरू किया गया। उत्तराखंड सरकार द्वारा भी इसी क्रम में प्रदेश के विश्वविद्यालय व कॉलेज स्तर पर सैनिको के अदम्य साहस के प्रति प्रदेश के नौजवानों को प्रेरित करने के लिए इस अभियान को शुरू किया गया तथा इस प्रयास को प्रदेश स्तर पर सराहा भी गया |

इसी कड़ी में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुछ साथियों के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में 21 फलदार पौधें रोपित किए हैं। यह 21 फलदार पौधें उन वीर सैनिकों के नाम पर हैं जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की रक्षा एवं सुरक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इन शहीदों के परिवारों को अपनेपन का अहसास कराने हेतु यह

हमारा एक छोटा सा प्रयास है। उक्त स्थान का नामकरण **"शौर्य वाटिका"** के रूप में किया गया है। इस प्रकार हम सब देशवासी शहीदों के बलिदान को अगली पीढ़ी तक पहुंचा सकते है और उनमे देशभक्ति की भावना को जीवन्त रख सकते है।

"शौर्य वाटिका" का शुभारम्भ करते विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 मिश्र व अन्य

शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रोफेसर नीरजा टण्डन अपना विचार रखते हुए

प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 05 सितम्बर 2018 को विश्वविद्यालय सभागार में 'शिक्षक दिवस समारोह' का अयोजन किया गया। इस इवसर पर वरिष्ठ शिक्षका डॉ0 नीरजा टण्डन, अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल में विशिष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। 'शिक्षक दिवस समारोह', 2018 की अध्यक्षता प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा द्वारा की गई। प्रोफेसर शुक्ल ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्ग प्रदर्शक होता है। शिक्षा का मूल रोजगार या धनोपार्जन न होकर मूल्य-निर्धारण होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि 'भारतीय ज्ञान- परम्परा' का उद्भव व्यक्ति के भीतर व्याप्त 'शिक्षत्व'की चेतना में निहित है।

विशिष्ट शिक्षक सम्मान, 2018 से विभूषित प्रोफेसर नीरजा टण्डन ने अपने जीवन एवं अध्यापन के गहन अनुभवों का सभी के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि एक सच्चे शिक्षक का कर्तव्य है कि वह स्वयं के भीतर एक विद्यार्थी को जीवित रखे।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल ने प्रोफेसर नीरजा टण्डन को प्रशस्ति-पत्र, श्रीफल एवं शॉल देकर सम्मानित किया।

प्रत्येक वर्ष की भॉति इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों को पुस्तकें एवं कलम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 राजेन्द्र कैड़ा ने सभी उपास्थित प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

हिन्दी दिवस

दिनांक 14 सितंबर 2018 को हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषाएँ विभाग द्वारा एक वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षत कर रहे प्रो0 एच पी शुक्ल ने कहा कि हर सचेत समाज अपनी परम्परा को नये ढंग से खोजता है। हिन्दी भाषा की परम्परा इस देश की मूल संस्कृति से जुड़ी हुई है। इसी कारण वह बाजार की शक्तियों से प्रभावित भले हो, किन्तु संचालित नहीं है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 नीरजा टण्डन ने कहा कि हर हिन्दी की ताकत इसकी प्रादेशिकता में है। यह भाषा इसलिए समृद्व है क्यांकि इसकेपास लम्बी प्रादेशिक चेतना है। कॉमर्स एवं प्रबन्ध विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 आर0सी0 मिश्र ने कहा कि हिन्दी भाषा का लचीलापन एवं असाम्प्रदायिक चरित्र इसे विशिष्ट बनाता है।

संगोष्ठी का प्रस्तावना वक्तव्य देते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 शशांक शुक्ल ने कहा कि हिन्दी भाषा की ताकत इसका जनतांत्रिकस्वरूप है। यह सत्ता की भाषा कभी नहीं रही। इसकी ताकत यह भी नहीं कि यह इस देश की संस्कृति, पूर्वभाषा- अपभ्रंशों के दामन को स्वीकार कर आगे बढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राजेन्द्र कैड़ा ने किया।

गाँधी जयंती तथा स्वच्छता अभियान

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर 2018 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी के सभागार में गॉधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत चतुर्थ गॉधी स्मृति व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। प्रोफेसर लक्ष्मण सिंह बिष्ट 'बटरोही' (पूर्व विभागाध्यक्ष एवं आचार्य, हिन्दी विभाग, कुमॉऊ विश्वविद्यालय) ने चतुर्थ गॉधी समृति व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता, प्रो0 एच0पी0 शुक्ल, निदेशक मानविकी विद्याशाखा द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे, प्रोफेसर पी0डी0 पंत सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं कार्मिक उपास्थित थे। कार्यक्रम के अंत में श्रमदान अभियान के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर की सफाई का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

उत्तराखंड की पत्रकारिता के विकास और चुनौतियों विषय पर व्याख्यान

अल्मोड़ा से प्रकाशित प्रदेश के एतिहासिक अखबार 'शक्ति' के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में उत्तराखंड की पत्रकारिता के विकास और चुनौतियों विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। शक्ति अखबार उत्तराखंड मे नवजागरण का अग्रदूत था। आजादी के तीस साल पहले शुरु हुए इस अखबार ने आजादी के आंदोलन के साथ ही सामाजिक आंदोलनों को आवाज देने का काम किया। सामाजिक बुराईयों पर अपनी आवाज मुखर की। ये कहना है इतिहासकार शेखर पाठक का। उन्होंने ये बात शक्ति अखबार के सौ साल पूरा होने के मौके पर उत्तराखंड मुक्त विवि के सभागार में मीडिया स्टडीज विभाग द्वारा आयोजित गोष्ठी में कही।

उन्होंने बद्री दत्त पांडे से शुरु कर सौ साल के दरमिंया शक्ति के सभी संपादकों पर बात रखी। उनके तेवरों व उनकी लेखनी पर बात रखी। वो भले विक्टर मोहन जोशी हों, दुर्गादत्त पांडे राम सिहं धौनी, मनोहर पंत, मथुरादत्त त्रिवेदी, पूरन चन्द्र तिवारी, देवी दत् पांडे धर्मानंद पांडे व शक्ति के अंतिम संपादक शिरीष पांडे जिनका पिछले साल बहुत कम उम्र मे निधन हो गया। उन्होंने बताया कि शक्ति अखबार केवल एक अखबार नहीं होता था बल्कि महात्मा गांधी जब आजादी के वक्त अल्मोड़ा आए थे तो लोग भेंट में उन्हें ये अखबार दिया करते थे,ये अखबार लोगों के बीच बांचा जाता था लोग सामूहिक रूप से सुनते थे इसे। आजादी के आंदोलन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका तो है ही साथ ही सामाजिक सांस्कृ-तिक आंदोलनों को धार देने का काम भी शक्ति ने किया। उत्तराखंड में जाति के खिलाफ आंदोलन हो या फिर कुली बेगार, सब में प्रखर रुप में इसने अपनी बात रखी। कभी किसी के आगे झुका नहीं। एक तरफ जहां ये क्षेत्रीय मुद्दों को आवाज दे रहा था तो वहीं राष्ट्रीय आंदोलनों के साथ भी एकाकार था। लोगों को उनकी कूपमंडूकता से निकाल रहा था। उन्होंने कहा कि आज शक्ति के सौ साल के इस अवसर पर आज की हमारी पूरी पत्रकारिता को देखने का मौका भी है उस बहाने हम याद करें कि कैसे विपरीत दौर में शक्ति ने लोगों में प्रगतिशील चेतना देने का काम भी किया।

शक्ति के बहाने प्रो. शेखर पाठक ने उत्तराखंड में पत्रकारिता के इतिहास को यहां को आंदोलनों के विकास के साथ के क्रम में बताया। बहुत से किस्से उन्होंने सुनाए जो कि सभी के लिए बहुत दुर्लभ थे। उन्होने बताया कि एनडी तिवारी ने मात्र सत्रह साल की उमर् में अपनी पहली कविता शक्ति के लिए लिखी थी। इसेक अलावा सुमित्रानंदन पंत, श्यामाचरण पंत, गौर्दा जैसे लोगों की कविताओं को शक्ति मे स्थान मिलता था। उसने लोगों की साहित्यक चेतना को बढ़ाने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई।

इस मौके पर मीडिया स्टडीज विभाग के संयोजक प्रो, भूपेन सिंह ने कहा कि शक्ति अखबार के सौ सालों को आज हम याद करने की जरूरत है कि कैसे विपरीत हालातों में इतना प्रगतिशील अखबार न केवल अपने पूरे सम्मान के साथ निकला बल्कि उसने पत्रकारिता के बुनियादी वसूलों को जिंदा रखा ये आज की पत्रकारिता के लिए सीखने की बात है।

इस मौके पर कुमांऊनी कवि जगदीश जोशी, भाषाविद् प्रयाग जोशी, कवि साहित्यकार व शिक्षक महेश पुनेठा, रघु तिवारी, शिक्षक नेता प्रो, सुनील पंत, विनीत फुलारा, भास्कर उप्रेती, उत्तराखंड मुक्त विवि के कुलसचिव आर सी मिश्र, वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल बोहरा, इतिहास के प्रोफेसर गिरिजा पांडे, राकेश रयाल, राजेन्द्र क्वीरा, राजेन्द्र कैड़ा, भावना लखेड़ा, समेत कई शिक्षक व स्टूडेंट मौजूद रहे।

हैलो हल्द्वानी के ऐप का उद्घाटन

शक्ति अखबार के सौ साल पूरे होने पर आयोजित व्याख्यान में प्रो, शेखर पाठक ने उत्तराखंड मुक्त विवि के रेडियो हैलो हल्द्वानी के ऐप का उद्घाटन किया। इस मौके पर रेडियो ने अपने अभी तक के सफर को एक डाक्यूमेंट्री के माध्यम से दिखाया। रेडियो को निदेशक प्रो, गिरिजा पांडे ने कहा कि इस ऐप के उद्घाटन के बाद अब हैलो हल्द्वानी 91.2 एफएम को हल्द्वानी के दायरे से बाहर निकल देश दुनिया में कहीं भी सुना जा सकता है। हैलो हल्द्वानी हल्द्वानी शहर की बदलती धड़कने को समझने की कोशिश मे है और एक खूबसूरत शहर के बनने में अपना योगदान दे रहा है।

विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपति जी का कार्यभार ग्रहण

माननीय श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड एवं कुलाधिपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के आदेश संख्या-4190/जी0एस0/शिक्षा/C7-12(1)/2019 दिनांक 04 फरवरी, 2019 के अनुपालन में प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 2019 को अपरान्ह में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया।

दिनांक 9 फरवरी, 2019 को मा0 कुलपतिजी द्वारा अध्ययन सामग्री आपूर्ति एवं वितरण विभाग के प्रभारी डॉ0 सूर्यभान सिंह एवं अन्य स्टाफ की बैठक ली गई जिसमें विद्यार्थियों तक यथासमय अध्ययन सामग्री पहुंचाना सुनिश्चित किया गया।

दिनांक 11 फरवरी, 2019 को नवनियुक्त माननीय कुलपति जी द्वारा समस्त शिक्षणेत्तर तथा शैक्षिक कार्मिकों को सम्बोधित किया गया। सर्वप्रथम कुलपति जी द्वारा सभी कार्मिकों से परिचय लिया गया तथा सभी विभागाध्यक्षों ने कुलपतिजी को विभागों की समस्याओं से अवगत कराया। कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यालय को यूजीसी 12 बी और नेक की मान्यता दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किये जाने पर जोर दिया।

विश्वविद्यालय द्वारा पांच दिवसीय Refresher Program on Research Methodology in the field of Special Education and Disability Rehabilitation का आयोजन

उत्तराखंड मुक्त विश्वविध्यालय, हल्द्वानी द्वारा RCI, New Delhi के वित्तीय सहयोग से पांच दिवसीय Refresher Program on Research Methodology in the field of Special Education and Disability Rehabilitation आयोजन श्री दर्शन महाविद्यालय, मुनि की रेती, ऋषिकेश में किया गया । Refresher Program का उद्घाटन दिनांक 28, फरवरी 2019 को मुख्य अतिथि श्री मनोहर कांत ध्यानी (पूर्व

राज्यसभा सांसद), विशिष्ट अतिथि श्री ज्ञान सिंह नेगी, उपाध्यक्ष, स्वास्थ्य सलाहकार समिति, उत्तराखंड, प्रो. ओ. पी.एस. नेगी, कुलपति, उत्तराखंड मुक्त विश्वविध्यालय के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।

मुख्य अतिथि श्री मनोहर कांत ध्यानी (पूर्व राज्यसभा सांसद), विशिष्ट अतिथि श्री ज्ञान सिंह नेगी, उपाध्यक्ष, स्वास्थ्य सलाहकार समिति, उत्तराखंड का स्वागत करते कुलपति प्रो. ओ. पी.एस. नेगी

उद् घाटन सत्र के मुख्य वक्ता डॉ राजेश नैथानी, सलाहकार, संसदीय आश्वासन समिती,लोकसभा,भारत सरकार ने अपने वक्तव्य मे कहा कि शोध मे सबसे महत्वपूर्ण ऑकडो की भूमिका होती है। ऑकडे अगर सही है तो परिणाम भी सही ओर वैध होंगे। दिव्यांगो की शिक्षा ओर पुनर्वास मे शोध हेतु नवोन्मेषी प्रयोग पर बल दिया। श्री दर्शन महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री वंशीधर पोखरियाल ने अपने स्वागत भाषण मे सभी अतिथियो एवं प्रतिभागियो का स्वागत करते हुये शोध सम्बंधी कार्यशाला को सभी के लिये लाभकारी बताया। विशिष्ट अतिथि श्री ज्ञान सिंह नेगी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि शिक्षक का कर्तव्य अपने छात्रो को संस्कारी एवं ज्ञानवान बनाना है।इसके लिये शिक्षक को अपने शिक्षण मे लगातार नित नये प्रयोग करने होंगे।

अतिथियों को संबोधित करते मुख्य अतिथि श्री मनोहर कांत ध्यानी तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करते प्रतिभागी

मुख्य अतिथि श्री मनोहर कांत ध्यानी ने अपने वक्तव्य मे कहा कि शोध हेतु अपने मन को एकाग्र करना जरुरी है।शोध ऐसा हो जो सबके लिये हितकारी होने के साथ ही लाभदायक भी हो। उन्होंने अपेक्षा की कि

कार्यशाला मे आये प्रतिभागी विशेषज्ञों के व्याख्यानों का लाभ लेकर भविष्य मे दिव्यांगो की शिक्षा ओर पुनर्वास हेतु अपना योगदान देंगे। कुलपति प्रो. ओ. पी.एस. नेगी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि मुक्त विश्वविध्यालय द्वारा दिव्यांगो की शिक्षा से सम्बंधित विभिन्न पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। साथ ही दिव्यांग विध्यार्थियो को परीक्षा एवं प्रवेश के समय केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार बाधारहित वातवरण एवं सुविधाये प्रदान की जा रही हैं।

Refresher Program के सन्योजक डॉ सिद्धार्थ पोखरियाल ने अपने उद्बोधन मे कार्यशाला के उद्देश्यो एवं महत्व को बताया। श्री दर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राधामोहन द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला मे 70-80 विशेष शिक्षक ओर शोध छात्र उपस्थित रहे।

अतिथियों को सम्बोधित करते कुलपति प्रो0 ओपीएस नेगी

सामुहिक स्वच्छता कार्यक्रम

योग कार्यशाला के दौरान योग विभाग, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के स्नातक तथा परास्नातक के कुल लगभग 800 छात्र-छात्राओं के साथ दिनांक 24 फरवरी 2019 दिन रविवार को प्रात: 11 से 3 बजे तक 'स्वच्छता ही सेवा'अभियान का पहली बार हरिद्वार में आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम में **श्री जन्मेजय खंडूरी SSP हरिद्वार** मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर **सुश्री कमलेश उपाध्याय** थीं । इस अभियान के अन्तर्गत 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत का आयोजन किया गया। आयोजन के अंतर्गत वेद निकेतन धाम से हर की पौड़ी तक स्वच्छता का अभियान चलाया गया। अभियान में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के योग विभागाध्यक्ष डॉ भानु प्रकाश जोशी के नेतृत्व में योग शिक्षकों सहित 800 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत भारी मात्रा में कूड़ा, प्लास्टिक से बनी वस्तुएं एकत्रित की गई।

योग कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा हरिद्वार में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

श्री खण्डूरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हरिद्वार में यह मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है, इसका एक कारण भी है इसका भाव योग से जुड़ा है और योग भारत की पहचान भी है। आज के युग में भारत को जितना जाना जाता है योग के लिए जाना जाता है। योग को जितना बढ़ावा देंगे उससे हम स्वस्थ भी रहेंगे और हमारी पहचान भी बढ़ती जाएगी। आज देश-विदेश के जो लोग यहां आते हैं वे इसलिए आते हैं क्योंकि योग हमारे संस्कृति से जुड़ा है। योग आंतरिक शुद्धता तो करता ही है बाहरी शुद्धता को भी बढ़ाता है। लोग ऋषिकेश या पहाड़ों पर इसलिए जाते हैं क्योंकि वहां का वातावरण शुद्ध है। जब इस तरह के स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं तब उसका मुख्य उद्देश्य वायु को शुद्ध करना होता है, जिससे हमारा संपूर्ण वातावरण शुद्ध होता है। यदि वातावरण शुद्ध न हो तो शरीर और मन पर उसका दुष्प्रभाव पडना निश्चित है।

